एक नवरत्न कंपनी

Great Place To Work® Certified FEB 2025-FEB 2026 INDIA

# एनएचपीसी समाचार

अंक संख्या : XLVII

संस्करण : जुलाई - सितम्बर 2025



# निगम मुख्यालय

## श्री भूपेन्द्र गुप्ता ने अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी का पदभार ग्रहण किया



श्री भूपेन्द्र गुप्ता ने दिनांक 04.09.2025 को एनएचपीसी लिमिटेड, भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी और भारत सरकार का एक 'नवरत्न' उद्यम, के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक का पदभार निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में ग्रहण किया। एनएचपीसी में शामिल होने से पूर्व, वह टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में निदेशक (तकनीकी) के पद पर कार्यरत थे। श्री गुप्ता एसजेवीएन लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे हैं।

श्री भूपेन्द्र गुप्ता के पास इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री और संचालन प्रबंधन में एमबीए की डिग्री है। उन्होंने 1991 में एसीसी लिमिटेड के साथ अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की और 1995 में एसजेवीएन में शामिल होकर अपने सीपीएसयू करियर की शुरुआत की, जहाँ उन्होंने विभिन्न पदों पर 12 वर्षों तक कार्य किया। इस अवधि के दौरान, उन्होंने भारत की सबसे बड़ी संचालित जलविद्युत परियोजना, 1500 मेगावाट नाथपा झाकरी जलविद्युत संयंत्र के विद्युत–यांत्रिक उपकरणों की योजना, स्थापना और कमीशनिंग के साथ–साथ संचालन एवं रखरखाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने लगभग तीन वर्षों (2002–2005) तक भूटान में 1020 मेगावाट की ताला जलविद्युत परियोजना में प्रतिनियुक्ति पर भी कार्य किया।

इसके बाद, वे मार्च 2007 में आरईसी लिमिटेड में शामिल हुए और लगभग 6 वर्षों तक जलविद्युत और ताप विद्युत परियोजनाओं के वित्तपोषण से जुड़े रहे। इसके बाद, उन्होंने आरईसी की दो सहायक कंपनियों, आरईसी ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड और आरईसी पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड में परिचालन प्रमुख के रूप में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्य किया। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने भारत में विद्युत क्षेत्र की परियोजनाओं के क्रियान्वयन, परियोजना प्रबंधन, अनुबंध प्रबंधन एवं परामर्श सेवाओं की देखरेख की और आरईसी लिमिटेड को सौंपी गई भारत सरकार की प्रमुख योजनाएँ जैसे– सौभाग्य, दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई), पीएमडीपी आदि को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

श्री गुप्ता दिसंबर 2020 में प्रतिनियुक्ति पर भूटान स्थित पुनात्सांगछू जलविद्युत परियोजना प्राधिकरण में निदेशक (तकनीकी) के पद पर नियुक्त हुए और चल रही निर्माण गतिविधियों का नेतृत्व किया तथा लंबे समय से लंबित संविदात्मक एवं लंबित मुद्दों का समाधान किया। इसके बाद, श्री गुप्ता 9 जून 2023 को टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में निदेशक (तकनीकी) के रूप में शामिल हुए। श्री गुप्ता ने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की खुर्जा STPP की यूनिट–1 (660 मेगावाट) की कमीशनिंग चुनौतियों और कोविड–19 के प्रभावों का समाधान करने में रणनीतिक नेतृत्व प्रदान किया, जिससे यूनिट–1 की COD सफलतापूर्वक प्राप्त करने में सहायता मिली। यूनिट–2 को भी शीघ्र ही चालू किया जाना है। श्री गुप्ता ने टिहरी पीएसपी में उन्नत प्रौद्योगिकी (वीएसआई) के कार्यान्वयन के कारण प्रमुख सिविल चुनौतियों, पंप–टरबाइन परिचालन संबंधी समस्याओं और कमीशनिंग संबंधी बाधाओं के समाधान में सिविल, एचएम और ईएम टीमों का मार्गदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप टिहरी पीएसपी की इकाई–1 और 2 (प्रत्येक 250 मेगावाट) का सफलतापूर्वक ब्ब्ब हुआ; शेष इकाइयों को शीघ्र ही चालू किया जाना है।

पावर सीपीएसयू में 31 वर्षों सहित 34 वर्षों से अधिक के शानदार करियर के साथ, श्री गुप्ता ने जलविद्युत, तापीय, नवीकरणीय ऊर्जा, पारेषण और वितरण क्षेत्रों में भारतीय विद्युत क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके योगदान में बड़ी जलविद्युत परियोजनाओं के साथ–साथ पारेषण और वितरण परियोजनाओं की योजना, डिजाइन, निष्पादन, अनुबंध और परियोजना प्रबंधन और संचालन एवं रखरखाव शामिल है।

श्री गुप्ता का भावी दृष्टिकोण गैर–जीवाश्म ईंधन आधारित संसाधनों के माध्यम से भारत की बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य हमारे देश को ऊर्जा सुरक्षा में आत्मनिर्भर बनाना है। यह विज़न आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के एकीकरण के माध्यम से सतत ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने पर ज़ोर देता है, साथ ही अन्य नई और उभरती हुई तकनीकों को अपनाने पर भी ज़ोर देता है, जैसे: ग्रिड में ईवी का एकीकरण, साइबर सुरक्षा, डिजिटल सुरक्षा, ग्रीन हाइड्रोजन, जैव ऊर्जा और ऊर्जा भंडारण।

अपने पेशेवर उपलब्धियों के अतिरिक्त, वह एक उत्साही खेल प्रेमी भी हैं। वह बैडमिंटन और टेबल टेनिस सक्रिय रूप से खेलते हैं तथा अनेक इंटर–सीपीएसयू टूर्नामेंटों में अपने संगठन का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

## एनएचपीसी राजभाषा कीर्ति पुरस्कार से सम्मानित

एनएचपीसी लिमिटेड की राजभाषा पत्रिका 'राजभाषा ज्योति' को भारत सरकार के सर्वोच्च राजभाषा कीर्ति पुरस्कार (गृह पत्रिका) के अंतर्गत 'क' क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के कर–कमलों से अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी श्री भूपेंद्र गुप्ता ने 14 सितंबर, 2025 को महात्मा मंदिर कन्वेन्शन एवं एग्ज़िबिशन सेंटर, गांधीनगर, गुजरात में आयोजित हिंदी दिवस 2025 व पाँचवे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में ग्रहण किया। इस अवसर पर गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, विधि और न्याय तथा संसदीय कार्य श्री अर्जुन राम मेघवाल, माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री बंडी संजय कुमार, माननीय उपाध्यक्ष, संसदीय राजभाषा समिति श्री भर्तृहरि महताब, माननीय सांसद अहमदाबाद (पश्चिम) श्री दिनेशभाई मकवाणा भी उपस्थित थे।

राजभाषा कीर्ति पुरस्कार राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है। राजभाषा कीर्ति पुरस्कार (गृह पत्रिका) के अंतर्गत 'राजभाषा ज्योति' को यह पुरस्कार तीसरी बार प्रदान किया गया है। इससे पहले 'राजभाषा ज्योति' को वर्ष 2019–20 के लिए प्रथम तथा वर्ष 2016–17 के लिए द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया था। इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक उपक्रमों के बीच उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए भी एनएचपीसी को राजभाषा कीर्ति पुरस्कार से दस बार सम्मानित किया गया है। सार्वजनिक उपक्रमों के बीच सर्वोत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2008–09, 2009–10, 2011–12, 2014–15 और 2016–17 के लिए प्रथम तथा वर्ष 2010–11, 2012–13, 2015–16 और 2020–21 के लिए द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं।

एनएचपीसी ने जलविद्युत उत्पादन और विकास के साथ–साथ राजभाषा हिंदी के क्षेत्र में भी गुणात्मक प्रगति की है। राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में एनएचपीसी की उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए इसे अन्य अनेक राष्ट्रीय स्तर के राजभाषा पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया है।



## श्री सिपन कुमार गर्ग ने एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त प्रभार संभाला



श्री सिपन कुमार गर्ग ने 1 सितंबर 2025 को भारत की प्रमुख जलविद्युत कंपनी और भारत सरकार के नवरत्न उद्यम एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक (वित्त) पद का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया है। श्री सिपन कुमार गर्ग वर्तमान में टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें टीएचडीसी के बोर्ड द्वारा कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी) के रूप में भी नियुक्त किया गया है। एक प्रतिष्ठित वित्त पेशेवर के रूप में, उनके पास बैचलर ऑफ कॉमर्स (ऑनर्स) की डिग्री है और वे इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (सीए), इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (सीएमए), और इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (सीएस) के सदस्य हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने एलएलबी किया है और कंपनी सचिव परीक्षा में रैंक धारक थे। श्री गर्ग के विशाल और विविध अनुभव से एनएचपीसी को बहुत लाभ होगा।

विद्युत क्षेत्र में वित्त, लेखा, कराधान और वाणिज्यिक पहलुओं में 24 वर्षों से अधिक के व्यापक अनुभव के साथ, वे एनएचपीसी लिमिटेड में अपनी भूमिका में गहन विशेषज्ञता लाते हैं। उनके पूर्व अनुभव में एनटीपीसी लिमिटेड की दोनों समूह कंपनियों, अरावली पावर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड और पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड में मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के रूप में कार्य करना शामिल है। उन्होंने कॉर्पोरेट लेखा समूह और कोलडैम जल विद्युत परियोजना में रणनीतिक भूमिकाओं सहित विभिन्न पदों पर एनटीपीसी लिमिटेड में भी योगदान दिया है।

एनटीपीसी में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने दृढ़ जिम्मेदारी, उच्च नैतिक मूल्यों और कंपनी के प्रति अटूट समर्पण के बल पर निरंतर प्रगति करते हुए पेशेवर सफलता की नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कीं। एक उत्कृष्ट वित्त पेशेवर के रूप में, उन्होंने एनटीपीसी में निभाई गई प्रत्येक भूमिका में उत्कृष्टता हासिल की। वित्त में उनके नेतृत्व में, अरावली पावर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड ने अपनी सर्वोच्च क्रेडिट रेटिंग प्राप्त की और दीर्घकालिक ऋणों पर ब्याज में महत्वपूर्ण बचत प्राप्त की।

उन्होंने भारत और विदेशों में प्रतिष्ठित संस्थानों में कई कार्यशालाओं और सेमिनारों में भाग लेकर अपनी विशेषज्ञता को बढ़ाया है। लेखांकन मानकों और भारतीय लेखा मानक (इंड एएस) पर एक अनुभवी वक्ता के रूप में, उन्होंने वर्षों से अपनी अंतर्दृष्टि व्यापक रूप से साझा की है। वे भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान की कई समितियों के सक्रिय सदस्य भी रहे हैं, जिनमें 'कमिटी ऑन पब्लिक फाइनेंस एण्ड गवर्नमेंट अकाउंटिंग' 'अकाउंटिंग स्टैंडर्ड्स स्टडी ग्रुप' और 'मेंबर्स इन इंडस्ट्री ग्रुप (पीएसयू)' शामिल हैं। उनके दूरदर्शी नेतृत्व के सराहना करते हुए, श्री गर्ग को राष्ट्रीय आर्थिक विकास शिखर सम्मेलन 2024 में भारत के दूरदर्शी सीएफओ के रूप में सम्मानित किया गया। टीएचडीसीआईएल के विकास में उनके समर्पित योगदान और सीएमए पेशे को आगे बढ़ाने के उनके प्रयासों के लिए उन्हें आईसीएमएआई से प्रशंसा प्रमाण पत्र भी प्राप्त हुआ।

## एनएचपीसी और आईआईएम जम्मू द्वारा नेतृत्व कौशल और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए रणनीतिक साझेदारी की शुरुआत



भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी और विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के एक नवरत्न उद्यम, एनएचपीसी लिमिटेड ने देश के राष्ट्रीय महत्व के प्रमुख संस्थानों में से एक, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), जम्मू के साथ एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में दिनांक 31.07.2025 को औपचारिक रूप से यह समझौता ज्ञापन, नेतृत्व विकास, संस्थागत शिक्षा और अनुसंधान–संचालित परिवर्तन को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से रणनीतिक शिक्षा–उद्योग सहयोग में एक नए अध्याय की शुरुआत है।

श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी, श्री एन.के. जैन, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन), एनएचपीसी और अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण की उपस्थिति में इस समझौता ज्ञापन पर श्री राजीव आर. अस्थाना, महाप्रबंधक (एचआरडी), एनएचपीसी और कमांडर केशवन भास्करन (सेवानिवृत्त), मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, आईआईएम जम्मू ने हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए, श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने कहा, "यह समझौता ज्ञापन एनएचपीसी की उस केंद्रित रणनीति को दर्शाता है, जो राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और वैश्विक नेतृत्व मॉडल के अनुरूप व्यवस्थित अध्ययन कार्यक्रम को संस्थागत रूप से लागू करने पर आधारित है। हम आईआईएम, जम्मू के साथ मिलकर नवाचारपूर्ण नेतृत्व विकास मार्गों का निर्माण करते हुए गर्व महसूस करते हैं, जो सार्वजनिक क्षेत्र के अगली पीढ़ी के नेताओं को आकार देंगे।"

यह साझेदारी एनएचपीसी की दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, जो उच्च–प्रदर्शन करने वाली, भविष्य के लिए तैयार एक कार्यबल को समर्पित है, जिसमें आधुनिक नेतृत्व क्षमताएं और रणनीतिक समझ हो। यह कंपनी के उद्देश्य को भी दर्शाती है कि वह आईआईएम, जम्मू के शैक्षिक ज्ञान और बौद्धिक पूंजी का उपयोग करते हुए, अपनी मानव संसाधन विकास प्रणाली में वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को समाहित करना चाहती है।

इस सहयोग की सीमा कई पहलुओं तक विस्तारित है, जिसमें कस्टमाइज्ड कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम, प्रायोजित शोध और संयुक्त केस स्टडी विकास शामिल हैं। यह साझेदारी सम्मेलन, थीम आधारित सेमिनार और उद्योग–अकादमिक मंचों के माध्यम से ज्ञान का आदान–प्रदान भी बढ़ावा देगी।

## एनएचपीसी की सीएसआर पहल के तहत वनस्थली विद्यापीठ में दंत चिकित्सा इकाई का शुभारंभ




एनएचपीसी की सीएसआर पहल के अंतर्गत, श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी ने 10.08.2025 को अपाजी आरोग्य मंदिर अस्पताल, वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान में एक पूरी तरह से सुसज्जित दंत चिकित्सा इकाई का उद्घाटन किया। यह सुविधा जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करने पर कंपनी की निरंतर सोच को दर्शाती है। यह पहल वंचित ग्रामीण समुदायों, विशेष रूप से महिलाओं को सुलभ और सस्ती दंत चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने, दंत चिकित्सा सेवाओं में महत्वपूर्ण अंतराल को दूर करके स्थानीय स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और दीर्घकालिक प्रभाव के लिए निवासियों के बीच मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और निवारक प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन की गई है। इस परियोजना में कमरे का नवीनीकरण, आधुनिक दंत चिकित्सा उपकरणों की स्थापना, उपभोग्य सामग्रियों की दो साल की आपूर्ति और योग्य दंत चिकित्सकों द्वारा नियमित ऑन–कॉल सेवाएं शामिल हैं।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

## एनएचपीसी की प्रमुख सीएसआर पहल शिक्षा रथ 7.0 का तुरतुक, लद्दाख में समापन

एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा अपनी प्रमुख सीएसआर पहल, शिक्षा रथ 7.0 का सफलतापूर्वक समापन 17.08.2025 को तुरतुक, नुब्रा, लद्दाख में एक समापन समारोह के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके साथ कार्यकारी पार्षद, एलएएचडीसी, तुरतुक, स्थानीय ग्रामीण और स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाएं भी उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण सीमा पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करने के लिए एनएचपीसी के सीएसआर सहयोग के माध्यम से विकसित होमस्टे इकाइयों का उद्घाटन था। इसके अतिरिक्त, उषा इंटरनेशनल के सहयोग से आयोजित व्यावसायिक सिलाई प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने वाली 30 महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित की गईं। प्रतिभागियों के कौशल और दृढ़ संकल्प को मान्यता देने के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

शिक्षा रथ 7.0 को मूल रूप से एनएचपीसी के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व अधिदेश के तहत 06.10.2024 को लॉन्च किया गया था। समारंभ फाउंडेशन द्वारा कार्यान्वित इस पहल का ध्यान लद्दाख के सात दूरस्थ सीमावर्ती गाँवों, तुरतुक, त्याक्षी, थांग–चथांग, बोगडांग, चालुंखा, धोतांग और थांग के समग्र विकास पर केंद्रित था। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरूकता, शिक्षा, कौशल विकास और सतत आजीविका सहित प्रमुख विकासात्मक क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया। उल्लेखनीय प्रयासों में मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीनों की स्थापना, स्कूलों में डिजिटल शिक्षा के बुनियादी ढांचे में वृद्धि, पारंपरिक शिल्प को संरक्षित करने के लिए हथकरघा प्रशिक्षण कार्यक्रम, स्थानीय उद्यमिता को समर्थन देने के लिए होमस्टे को बढ़ावा देना और युवाओं में पर्यटन और वैज्ञानिक जिज्ञासा को प्रोत्साहित करने के लिए तुरतुक में एक स्टारगेज़िंग टेलीस्कोप की स्थापना शामिल है। शिक्षा रथ 7.0 के माध्यम से, एनएचपीसी लिमिटेड भारत के कुछ सबसे दूरस्थ और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों



## निदेशक (तकनीकी), एनएचपीसी की सीईओ, आईबीएन, नेपाल सरकार से मुलाकात

श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी), एनएचपीसी ने 02.08.2025 को नई दिल्ली में नेपाल सरकार के निवेश बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सुशील ग्येवली के साथ बैठक की। बैठक के दौरान श्री अधिकारी ने उन्हें एनएचपीसी नेपाल परियोजनाओं यानी वेस्ट सेती (800 मेगावाट) और एसआर–6 (460 मेगावाट) जलविद्युत परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने वेस्ट सेती जलविद्युत परियोजना के लिए परियोजना को व्यावसायिक रूप से सुकर बनाने के लिए रियायतों को अंतिम रूप देने की आवश्यकता पर भी बल दिया, ताकि जनवरी 2026 तक कार्यान्वयन शुरू करने के लिए परियोजना विकास समझौते पर हस्ताक्षर करने में सुविधा हो। सीईओ, आईबीएन ने परियोजना को तकनीकी मंजूरी देने पर सहमति व्यक्त की और एनएचपीसी द्वारा प्रस्तुत अंतिम डीपीआर में दी गई पूर्णता लागत को कम करने के तरीकों का पता लगाने का अनुरोध किया। उन्होंने सुझाव दिया कि परियोजना का आंशिक ऋण वित्तपोषण घरेलू ऋण देने वाली संस्थाओं/बैंकों के संघ द्वारा डीपीआर में वित्तीय गणना में ली गई ब्याज दरों से कम ब्याज दरों पर किया जा सकता है। बैठक के दौरान श्री रजत गुप्ता, कार्यपालक निदेशक (एसबीडी एंड सी) और श्री रजनीश अग्रवाल कार्यपालक निदेशक (एचओडी– नेपाल परियोजनाएं) भी उपस्थित थे।



## एनएचपीसी की अध्यक्षता में संचालित नराकास (का.), फरीदाबाद गृह मंत्रालय द्वारा सम्मानित

एनएचपीसी लिमिटेड की अध्यक्षता में संचालित नराकास (का.), फरीदाबाद को राजभाषा कार्यान्वयन के लिए सर्वश्रेष्ठ राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान गांधीनगर, गुजरात में आयोजित हिंदी दिवस–2025 एवं पांचवें राजभाषा सम्मेलन के दौरान दिनांक 15 सितंबर 2025 को कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) एवं विभागाध्यक्ष (राजभाषा), एनएचपीसी श्री नवीन कुमार जैन तथा महाप्रबंधक (जनसंपर्क)–राजभाषा एवं सदस्य सचिव, नराकास (का.), फरीदाबाद श्री संजीव कुमार ने श्रीमती अंशुली आर्या (आईएएस), सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त किया।

भारत के माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में दिनांक 14–15 सितंबर के दौरान गांधीनगर, गुजरात में आयोजित हिंदी दिवस 2025 तथा पांचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के अवसर पर राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया है। श्री भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी तथा अध्यक्ष, नराकास (का.), फरीदाबाद की अध्यक्षता में संचालित नराकास में विभिन्न राजभाषा गतिविधियों एवं क्रियाकलापों का आयोजन किया जाता है। इस समिति में 51 सदस्य कार्यालय हैं।

इस सम्मेलन में ही एनएचपीसी लिमिटेड की गृह पत्रिका 'राजभाषा ज्योति' को भी भारत सरकार के सर्वोच्च राजभाषा कीर्ति पुरस्कार (गृह पत्रिका) के अंतर्गत 'क' क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के कर–कमलों से अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी श्री भूपेंद्र गुप्ता ने 14 सितंबर, 2025 को ग्रहण किया।

एनएचपीसी ने जलविद्युत उत्पादन और विकास के साथ-साथ राजभाषा हिंदी के क्षेत्र में भी गुणात्मक प्रगति की है। राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में एनएचपीसी की उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए इसे अन्य अनेक राष्ट्रीय स्तर के राजभाषा पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया है।





@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

## एनसीएसटी ने अनुसूचित जनजातियों के लिए संवैधानिक सुरक्षा उपायों पर एनएचपीसी के साथ समीक्षा बैठक की

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) द्वारा 22.08.2025 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में एनएचपीसी एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ और एनएचपीसी प्रबंधन के साथ एक समीक्षा बैठक की गई। अनुसूचित जनजाति (एसटी) कार्मिकों के लिए संवैधानिक सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। चर्चा विभिन्न स्तरों पर आरक्षण नीतियों, लंबित रिक्तियों, कल्याणकारी पहलों, शिकायत निवारण तंत्र और अन्य कर्मचारी–संबंधी मामलों पर केंद्रित रही।

एनसीएसटी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की माननीय सदस्य, डॉ. आशा लकड़ा ने किया। बैठक में श्री प्रशांत कुमार सिंह, आईएएस, सचिव, भारत सरकार, एनसीएसटी, श्री अमित निर्मल, संयुक्त सचिव, एनसीएसटी, श्री वाई.पी. यादव, उप सचिव और आयोग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक दो सत्रों में आयोजित की गई थी। पहले सत्र में एनएचपीसी एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रतिनिधियों के साथ विचार–विमर्श किया गया, जबकि दूसरे सत्र में एनएचपीसी के वरिष्ठ प्रबंधन के साथ बातचीत की गई, जिसमें श्री आर.पी. गोयल, सीएमडी, एनएचपीसी, श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी और एनएचपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान, डॉ. लाकड़ा ने एनएचपीसी प्रबंधन से एनएचपीसी एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा उठाई गई मुद्दों का समाधान करने और आयोग को एक कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आग्रह किया। उन्होंने अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों के अधिकारों और कल्याण को बनाए रखने और संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार आरक्षण नीतियों को लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में अनुसूचित जनजातियों के लिए संवैधानिक सुरक्षा उपायों के प्रभावी प्रवर्तन को सुनिश्चित करने के लिए एनसीएसटी की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया।



## एनएचपीसी द्वारा दार्जिलिंग हिल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट की स्थापना में सहयोग

एनएचपीसी के निदेशक (कार्मिक) श्री उत्तम लाल की उपस्थिति में, गोरखालैंड प्रादेशिक प्रशासन (जीटीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अनित थापा द्वारा 27.08.2025 को पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के तकदा में दार्जिलिंग हिल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट का उद्घाटन किया गया।

जीटीए के सहयोग से एनएचपीसी की टीएलडी–ष्ष्ष् और प्ट पावर स्टेशनों की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत स्थापित, यह संस्थान पश्चिम बंगाल में सार्वजनिक–निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड में संचालित होने वाला पहला तकनीकी डिग्री कॉलेज है। स्थानीय युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए इसकी स्थापना की गई है। अपने शुरुआती चरण में, यह कॉलेज सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, एआई और मशीन लर्निंग में बी.टेक कार्यक्रम और होटल प्रबंधन एवं खानपान प्रौद्योगिकी में स्नातक कार्यक्रम प्रदान कर रहा है और भविष्य में उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार उभरते विषयों में विस्तार करने की योजना बना रहा है। एनएचपीसी ने बुनियादी ढाँचा विकसित किया है, जबकि संचालन और रखरखाव का प्रबंधन संस्थान द्वारा किया जाएगा।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए श्री उत्तम लाल ने कहा कि एनएचपीसी हरित ऊर्जा के साथ–साथ आसपास के क्षेत्र के विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कॉलेज के सभी टीम सदस्यों को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि यहाँ से निकलने वाले छात्र देश और दुनिया में अपना नाम रोशन करेंगे। यह ऐतिहासिक पहल पहाड़ के युवाओं के लिए एक नए युग की शुरुआत करते हुए अधिक अवसरों के द्वार खोलती है और क्षेत्र में समावेशी विकास को बढ़ावा देती है।

इस अवसर पर एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी के कार्यपालक निदेशक, श्री अनिल कुमार दाश, एनएचपीसी टीएलडीपी–ष्ष्ष् और प्ट पावर स्टेशनों के प्रमुख श्री प्रदीप कुमार राय, एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारी, जीटीए और पश्चिम बंगाल सरकार के गणमान्य व्यक्ति, संकाय सदस्य, छात्र और स्थानीय समुदाय के सदस्य भी उपस्थित थे।



# क्षेत्रीय कार्यालय जम्मू

## स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन



एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय जम्मू द्वारा एनएचपीसी स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर दिनांक 20 जुलाई 2025 को उत्तर वाहिनी मे वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

श्री राम स्वरूप, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू के नेतृत्व में एनएचपीसी कार्मिकों द्वारा उत्तर वाहिनी में वृक्षारोपण किया गया। श्री राम स्वरूप, कार्यपालक निदेशक महोदय ने इस अवसर पर कहा कि कहा कि एनएचपीसी अपने स्थापना के 50 वर्ष के उपलक्ष्य पर स्वर्ण जयंती वर्ष मना रही हैं। स्वर्ण जयंती वर्ष पर वृक्षारोपण हमारी निगम की पर्यावरण के प्रति सवेदनशील दृष्टिकोण को प्रकट करती हैं। उन्होने कहा कि वृक्षारोपण एक पुण्य का कार्य है। हमें नियमित रूप से वृक्षारोपण करके अपने आस–पास के वातावरण को हरा–भरा बनाना चाहिए क्योंकि पौधे हमारे भविष्य की रक्षा करते हैं। इनकी मदद से हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को रहने के लिए एक बेहतर धरती प्रदान कर पाएँगे। आइए, हम सभी एक–एक वृक्ष लगाकर स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण में योगदान दें। इस अवसर पर श्रीमती कंचन स्वरूप ने भी पौधारोपण कर महिलाओं को इस पुनीत कार्य मे आगे बढ़कर भाग लेने को प्रेरित किया।

इस कार्यक्रम मे उत्तर वाहिनी और आस–पास के क्षेत्र मे पौधारोपण किया गया। इस कार्य मे उस क्षेत्र के स्थानीय और गणमान्य लोगों ने भी पौधारोपण किया। कुल 100 विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। पौधों की रक्षा के लिए ट्रीगार्ड भी लगाएं गए। एनएचपीसी के श्री गुरुदत्त, महाप्रबंधक (वित्त), श्री सतनाम सिंह, महाप्रबंधक (सिविल), श्री पंकज वशिष्ठ, महाप्रबंधक (सिविल), श्री आर.पी.मौर्य, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी गणऔर उनके परिवार के सदस्यों ने वृक्षारोपण कार्यक्रम मे पौधे लगाकर स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण मे अपना योगदान दिया। इस कार्य मे स्थानीय संस्था "निसर्ग" का भी सहयोग लिया गया।

## बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत सामग्री का वितरण




एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू द्वारा बाढ़ प्रभावितों के लिए जम्मू के बाहू फोर्ट मे दिनांक 25.09.2025 को राहत शिविर लगाया गया। श्री राम स्वरूप, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू के नेतृत्व में इस शिविर में बाढ़ पीड़ितों के बीच सूखा राशन पैकेटों को वितरित किया गया और चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई गई। इस कार्य में श्रीमती कंचन स्वरूप और एनएचपीसी परिवार की महिला सदस्यों ने भी हाथ बटाया।

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि जम्मू और उसके आसपास के क्षेत्रों में आई विनाशकारी बाढ़ ने जन–जीवन को व्यापक रूप से प्रभावित किया है। इन बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए, एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में राहत सामग्री वितरित की गई। बाढ़ पीड़ितों को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई, जिसमें चिकित्सीय परामर्श के बाद निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। एनएचपीसी द्वारा पहला राहत शिविर 19.09.2025 को मढ़ ब्लॉक में स्थापित किया गया। दूसरा राहत शिविर 15.09.2025 को परगवाल ब्लॉक में स्थापित किया गया। इसी क्रम में, तीसरा शिविर 25.09.2025 को बाहु फोर्ट ब्लॉक क्षेत्र में बाढ़ पीड़ितों के लिए स्थापित किया गया है।

कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय,जम्मू श्री राम स्वरूप ने राहत शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदा के इस समय में जरूरतमंदों की मदद करना हमारा नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है। एनएचपीसी विद्युत उत्पादन के साथ–साथ अपनी सामाजिक ज़िम्मेदारी भी निभाती है। एनएचपीसी इस क्षेत्र में कई कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) गतिविधियों का संचालन कर रही है। हाल ही में, एनएचपीसी ने रामकृष्ण मिशन, उदयवाला को एक अत्याधुनिक नेत्र ऑपरेशन थियेटर की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की। एनएचपीसी अपने पावर स्टेशनों के आसपास ज़रूरतमंद लोगों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श और दवाइयाँ उपलब्ध कराती है और उनके बच्चों की शिक्षा के लिए स्कूल भी चलाती है। एनएचपीसी महिलाओं और स्थानीय युवाओं को सशक्त बनाने और स्वरोज़गार को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास कार्यक्रम भी चला रही है। इसके अतिरिक्त, स्थानीय स्तर पर बुनियादी ढाँचे का विकास कार्य भी किया जा रहा है।

इस अवसर पर श्री गुरुदत्त, महाप्रबंधक (वित्त), श्री सतनाम सिंह, महाप्रबंधक (सिविल), श्री पंकज वशिष्ठ, महाप्रबंधक (सिविल), श्री आर.पी.मौर्य, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), वरिष्ठ अधिकारी गण, एनएचपीसी परिवार की महिला सदस्याएँ और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। यह कार्य एनजीओ दिवा इंटरनेशनल फ़ाउंडेशन के सहयोग से किया गया।

## कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू ने की प्रशासकीय सचिव, राजस्व से मुलाकात



श्री राम स्वरुप, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू की श्री कुमार राजीव रंजन, प्रशासकीय सचिव, राजस्व विभाग, केन्द्र षासित प्रदेश जम्मू व कश्मीर के साथ जम्मू मे दिनांक 13 अगस्त 2025 को मीटिंग हुई । इस मीटिंग के दौरान श्री राम स्वरुप जी ने एनएचपीसी के बारे मे बतलाते हुए जम्मू व कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश मे एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यो के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी दी । इस मीटिंग मे उड़ी स्टेज दृ परियोजना की भूमि संबंधी मसलों पर भी चर्चा हुई।

श्री कुमार राजीव रंजन ने एनएचपीसी द्वारा विद्युत उत्पादन के क्षेत्र मे किए जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए एक जुट होकर विकास हेतु कार्य करने पर बल दिया एवं उड़ी स्टेज–ष्ष के लिए जमीन के मसले पर शीघ्र कार्यवाही करनें का आश्वासन दिया।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# सलाल पावर स्टेशन

## स्वच्छता पखवाड़ा "स्वच्छोत्सव" 2025 का आयोजन




एनएचपीसी लिमिटेड, सलाल पावर स्टेशन में दिनांक 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 की अवधि के दौरान "स्वच्छोत्सव" 2025 का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य कर्मचारियों, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना थाद्य इस अभियान के दौरान निम्नानुसार कार्यक्रमों का आयोजन किया गया:

- "स्वच्छोत्सव" 2025 का शुभारंभ पावर स्टेशन परिसर में बैनर और होर्डिंग्स लगाने से हुई, जिनके माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गयाद्य स्वच्छोत्सव अभियान 2025 की शुरुआत में श्री जितेन्द्र कुमार, ग्रुप महाप्रबंधक (विद्युत) ने स्वच्छता शपथ दिलाकर कीद्य इस अवसर पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने कार्यस्थल, आवासीय परिसर और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखेंगे तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।
- ज्योतिपुरम क्षेत्र में PAS वाहन के माध्यम से स्वच्छता से संबंधित घोषणाएँ की गईद्य यह कार्यक्रम जन संपर्क विभाग एवं विद्युत विभाग के सहयोग से आयोजित हुआ।
- सभी विभागों ने अपने–अपने कार्यालयों, केबिनों, गलियारों और सीढ़ियों की सफाई कीद्य इसके अतिरिक्त पावर स्टेशन के आस पास के इलाक़ों में डस्टबिन और सफाई सामग्री वितरित की गई ताकि स्थानीय निवासियों में भी स्वच्छता की संस्कृति विकसित हो।
- सलाल पावर स्टेशन में स्थित जोरावर अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा केंद्रीय विद्यालय, ज्योतिपुरम में कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं को "व्यक्तिगत स्वच्छता" के विषय पर व्याख्यान दिया गया तथा इस कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को सेनेटरी नैपकिन दिया गयाद्य जिसके दौरान डॉ. पूजा गुप्ता, डॉ. अफसाना अज़ीज़, मानव संसाधन विभाग से श्रीमती इंद्रप्रीत कौर एवं विद्यालय की शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं।
- कारसेवा के अंतर्गत सलाल पावर स्टेशन के कर्मचारियों ने मिलकर पार्क, बस स्टैंड, अस्पताल, बाज़ार, और चौराहों आदि पर सफाई अभियान चलाया। इस "कारसेवा" का उदेश्य सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखना था।
- केंद्रीय विद्यालय, ज्योतिपुरम में विद्यार्थियों के बीच "स्वच्छता ही सेवा है" के विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गईद्य बच्चों ने अपनी कलाकृत्यों के माध्यम से स्वच्छ भारत का संदेश दियाद्य कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यगण, विद्यालय के प्राचार्य, अध्यापकगण तथा एनएचपीसी के अधिकारीगण उपस्थित थे।
- गवर्नमेंट गर्ल्स हाइयर सेकेंडरी स्कूल, रियासी में डॉ. पूजा गुप्ता द्वारा "सेनेटरी नैपकिन के उपयोग एवं सुरक्षित निपटान" विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को सेनेटरी नैपकिन दिया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य किशोरी बालिकाओं को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना था, जिससे वे अपने स्वस्थ की देखभाल सही तरीके से कर सकें।
- सिहाड़ बाबा जलप्रपात स्थल (रियासी) में एनएचपीसी के अधिकारियों व कर्मचारियों ने मिलकर सफाई अभियान चलाया। इस कारसेवा के दौरान श्री जितेंद्रे कुमार, ग्रुप महाप्रबंधक (विद्युत), श्री सत्यवान, महाप्रबंधक (ईएण्डसी), श्रीमती पूनम झा, महाप्रबंधक (विद्युत), तथा श्री संजीव कुमार, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) के साथ–साथ पावर स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारीगण व कर्मचारीगण ने भी इस मुहिम में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कारसेवा के माध्यम से धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया।
- स्पेशल ड्राइव के अंतर्गत पुराने फाइलों व डिस्पोजल्स को अलग अलग विभागों द्वारा रिकॉर्ड ऑफिसर श्रीमती इंद्रप्रीत कौर, समूह वरिष्ठ प्रबंधक (एचआर) के निगरानी मे वीड आउट किया गया। सभी विभागों ने पुरानी फाइलों की छंटाई कार्य किया गया तथा कार्यालय परिसर में साफ–सफाई और स्थान का सदुपयोग सुनिश्चित किया।
- "स्वच्छता ही सेवा" अभियान के अंतर्गत सफाई कर्मचारियों के लिए एक स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन किया गयाद्य जोरावर अस्पताल के डॉ. पूजा गुप्ता और डॉ. धीरज शर्मा ने सभी सफाई कर्मियों के स्वास्थ परीक्षण कियाद्य कार्यक्रम के अंत में सभी सफाई कर्मियों को "स्वच्छता किट" वितरित की गई।
- सलाल पावर स्टेशन परिसर में एक वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया, जिसका उदेश्य स्वच्छ और हरित पर्यावरण को बढ़ावा देना थाद्य कर्मचारियों ने मिलकर परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे, जैसे नीम, पीपल, गुलमोहर और अशोक, लगाए, साथ ही यह संकल्प लिया कि वे लगाए गए पौधों कि देखभाल करेंगे और आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और हरित वातावरण प्रदान करेंगे।
- समापन कार्यक्रम रामलीला मैदान, ज्योतिपुरम में आयोजित हुआ, जिसमें दुर्गा नाटक मण्डली के कलाकारों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गयाद्य नाटक का विषय "स्वच्छता ही सच्ची देशभक्ति है" था, जिसमें कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल सरकार की नहीं बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

# चुटक पावर स्टेशन

## नवरात्र समारोह




चुटक पावर स्टेशन, कारगिल में नवरात्र–2025 का त्योहार बड़े धूम – धाम से मनाया गया। इस शुभ अवसर पर दिनांक 29.09.2025 को डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री रमाकांत मलिक, समूह महाप्रबंधक, पावर स्टेशन प्रमुख द्वारा किया गया। इस अवसर पर डांडिया कार्यक्रम मे सभी कार्मिको ने पावर स्टेशन प्रमुख की अगुवाई मे बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में महाप्रबंधक (सिविल) एवं चुटक पावर स्टेशन में पदस्थापित सभी कार्मिक तथा उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन

चुटक पावर स्टेशन में दिनांक 14.09.2025 से 29.09.2025 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। पखवाड़े की शुरुआत श्री रमाकांत मालिक, समूह महाप्रबंधक, पावर स्टेशन प्रमुख महोदय ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होनें अपने अभिभाषण में सभी कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दी विश्व की सबसे पुरानी भाषाओं में से एक है और सभी को हिन्दी भाषा पर गर्व होना चाहिए। उन्होनें सभी कार्मिकों को अपना कार्य अधिक से अधिक हिन्दी में करने के लिए प्रेरित किया एवं हिन्दी पखवाड़े के दौरान होने वाले प्रतियोगिताओं में बढ़– चढ़ कर भाग लेने को कहा।

इस पखवाड़े के दौरान हिन्दी की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी, जिसमें लगभग 60 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान सभी कार्मिकों हेतु हिन्दी पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। हिन्दी पखवाड़ा के समापन समारोह में सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited




# क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत

## स्वच्छता ही सेवा-2025 –'स्वच्छोत्सव' का आयोजन

क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में स्वच्छता ही सेवा–2025 'स्वच्छोत्सव' के अंतर्गत दिनांक 17 सितंबर से 02 अक्तूबर 2025 तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

स्वच्छता ही सेवा–2025 'स्वच्छोत्सव' अभियान की शुरुआत में दिनांक 17.09.2025 को श्री ओम प्रकाश, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत नें कार्यालय के कार्मिकों को स्वच्छता शपथ दिलाई। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक महोदय नें सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों तथा संविदा कार्मिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को स्वच्छता की शुरुआत स्वयं, अपने घर व अपने कार्यस्थल से करनी चाहिए तथा हमें स्वच्छता के प्रति जागरूक रहते हुए अपने गाँव/शहर तथा आसपास भी लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक करना चाहिए। दिनांक 17.09.2025 को स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में जागरूकता बैनर भी प्रदर्शित किए गए।

स्वच्छता ही सेवा–2025 'स्वच्छोत्सव' के अंतर्गत दिनांक 19.09.2025 को Cleaning of Public Space गतिविधि के तहत क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत परिसर की साफ–सफाई की गई। इस दौरान कार्यालय परिसर के आसपास उगी हुई आवांछित घास व कूड़े को साफ किया गया तथा उसका उचित निपटान किया गया। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के सभी कार्यस्थलों, कैबिन, कमरों व गलियारों की सफाई हेतु भी अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यालय के सभी विभागों के कार्मिकों नें अपने अपने कार्यस्थलों/कैबिन व कमरों की सफाई की तथा स्वच्छता का संदेश दिया गया।

दिनांक 22.09.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा चिन्हित सीटीयू–स्वच्छता लक्षित इकाई (CTU & Cleanliness Target Unit) की साफ सफाई हेतु अभियान चलाया गया। इस वर्ष 2025 में क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा चिन्हित CTU & Cleanliness Target Unit, गर्ल्स टॉइलेट–राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बगढार, चंबा की साफ–सफाई की गई। इस दौरान सीटीयू के आसपास आवांछित घास व कूड़े को भी साफ किया गया तथा उसका उचित निपटान किया गया।

क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा दिनांक 25.09.2025 को "एक दिन, एक घंटा, एक साथ" के तहत स्वैच्छिक श्रमदान एवं स्वच्छता गतिविधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा पिछले वर्ष चयनित स्वच्छता लक्षित इकाई (सीटीयू) ईको पार्क, बनीखेत की साफ–सफाई हेतु श्री ओम प्रकाश, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के नेतृत्व में विशेष स्वच्छता अभियान अभियान चलाया गया। उक्त स्वच्छता गतिविधि में क्षेत्रीय कार्यालय के कार्मिकों नें ईको पार्क की साफ सफाई की व एकत्रित कूड़े का उचित निपटान किया। इस अवसर पर ईको पार्क के साथ स्थित भूरु नाग देवता मंदिर प्रबंधन को श्री ओम प्रकाश, कार्यपालक निदेशक महोदय की उपस्थिती में स्वच्छता ही सेवा अभियान–2025 के अंतर्गत डस्टबिन भी प्रदान किए गए ताकि आने वाले समय में स्वच्छता के इस प्रयास को और सुदृढ़ बनाया जा सके तथा जनसमुदाय को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा सके।

'स्वच्छोत्सव' के दौरान 'स्वच्छ हरित उत्सव' (Clean Green Utsav) के अंतर्गत दिनांक 26.09.2025 (शुक्रवार) को क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत द्वारा स्वच्छता के महत्व व एकल उपयोग पॉलिथीन बैग की रोकथाम पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनीखेत के सहयोग से एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनीखेत के बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एकल उपयोग पॉलिथीन बैग के उपयोग से हमारे दैनिक जीवन के साथ–साथ पर्यावरण पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों व स्वच्छता के महत्व के बारे में बनीखेत की स्थानीय जनता को जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक के दौरान स्थानीय जनमानस को अपने आसपास साफ–सफाई बनाए रखने, जूट व कपड़े के थैले अपनाने और प्लास्टिक के उपयोग से बचने के लिए प्रेरित किया गया। नुक्कड़ नाटक के अंत में क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के कार्मिकों तथा स्थानीय लोगों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। नुक्कड़ नाटक के मंचन के दौरान श्री ओम प्रकाश, कार्यपालक निदेशक महोदय के अलावा क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत के अधिकारी, कर्मचारी, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनीखेत के विद्यार्थी तथा शिक्षक मौजूद थे।

दिनांक 27.09.2025 को स्वच्छता ही सेवा अभियान–2025 'स्वच्छोत्सव' के दौरान "Advocacy Campaign" के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर स्वच्छता के प्रति विद्यार्थियों व समाज को जागरूक बनाने के उद्देश्य से राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बगढार (जिला चंबा) विद्यार्थियों के लिए "स्वच्छता व सफाई" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इसमें भाग लेने वाले बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति और कलात्मकता का प्रयोग करते हुए दैनिक जीवन में स्वच्छता के महत्व को दर्शाते व समाज को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने की प्रेरणा देने वाले चित्र बनाए। प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में उत्साह और जनसरोकार की भावना को जाग्रत करने के साथ–साथ स्वच्छता जैसी मूलभूत आवश्यकता के महत्व को गहराई से अनुभव कराने का सफल प्रयास किया।

क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में स्वच्छता ही सेवा–2025 'स्वच्छोत्सव' के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों की श्रेणी में दिनांक 29.09.2025 को सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इसके तहत क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम व व्यक्तिगत स्वच्छता किट का वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में कार्यरत 23 संविदा सफाई कर्मचारियों को श्री ओम प्रकाश, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत नें डॉ. रणवीर सिंह राठी, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ), श्री अमरीक कुमार, समूह महाप्रबंधक (सिविल) तथा श्री दिनेश सिंह, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) की उपस्थिती में व्यक्तिगत स्वच्छता किटस भी प्रदान की।



## उपायुक्त चंबा से शिष्टाचार भेंट

श्री ओम प्रकाश, कार्यपालक निदेशक, एनएचपीसी लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत ने 12 सितम्बर 2025 को जिला मुख्यालय चंबा में उपायुक्त चंबा से एक सौहार्दपूर्ण एवं औपचारिक मुलाक़ात की। इस अवसर पर पारंपरिक हिमाचली संस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हुए उन्होंने उपायुक्त महोदय को आदर स्वरूप शॉल एवं टोपी भेंट की। इस आत्मीय भेंट के दौरान कार्यपालक निदेशक ने जिला चंबा में एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा संचालित विभिन्न पावर स्टेशनों, के संचालन एवं प्रगति की विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की।

उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि एनएचपीसी न केवल ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी है, बल्कि कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (CSR) एवं सतत विकास (SD) के अंतर्गत परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के साथ–साथ जिले के अन्य

हिस्सों में भी शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढाँचे एवं आजीविका संवर्द्धन जैसे विभिन्न विकासात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। निदेशक महोदय ने कहा कि स्थानीय समुदायों का समग्र विकास एनएचपीसी की प्राथमिकता रही है और भविष्य में भी संगठन इसी भावना के साथ कार्य करता रहेगा।

मुलाक़ात के दौरान उन्होंने हाल ही में आए मॉनसून आपदा पर गहरी चिंता व्यक्त की और जिला प्रशासन को भरोसा दिलाया कि आपदा से प्रभावित परिवारों व क्षेत्रों को एनएचपीसी हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। इस अवसर पर उनके साथ श्री उमेश कुमार नन्द (प्रमुख, चमेरा–II पावर स्टेशन) एवं श्री राजिल व्यास (प्रमुख, चमेरा–III पावर स्टेशन) भी उपस्थित रहे।




## श्री हर्ष महाजन, माननीय सांसद (राज्यसभा) एवं सदस्य, संसदीय ऊर्जा समिति तथा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति से मुलाक़ात की

श्री ओम प्रकाश, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत ने दिनांक 12.09.2025 को श्री हर्ष महाजन, माननीय सांसद (राज्यसभा) एवं सदस्य, संसदीय ऊर्जा समिति तथा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति से जिला मुख्यालय चंबा, हिमाचल प्रदेश में मुलाक़ात की। मुलाकात के दौरान कार्यपालक निदेशक महोदय नें माननीय सांसद महोदय को पारंपरिक हिमाचली शॉल व टोपी भेंट की। इसके उपरांत कार्यपालक निदेशक महोदय नें श्री हर्ष महाजन, माननीय सांसद (राज्यसभा) को जिला चंबा में एनएचपीसी लिमिटेड के विभिन्न संचालित पावर स्टेशनों के बारे में जानकारी दी तथा एनएचपीसी द्वारा सीएसआर एवं एसडी के तहत जिला चंबा में परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के साथ–साथ अन्य स्थानों पर किए जा रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों के बारे में अवगत करवाया तथा कहा कि एनएचपीसी लिमिटेड हमेशा से ही परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के अलावा अन्य क्षेत्रों में विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिए तत्पर व प्रयासरत रहता है।

मुलाक़ात के दौरान कार्यपालक निदेशक महोदय नें इस वर्ष मॉनसून के दौरान आई आपदा में जिला चंबा में विभिन्न स्थानों पर हुए नुकसान के बारे में भी चर्चा की तथा जिला चंबा में विभिन्न स्थानों पर आपदा प्रभावित लोगो को एनएचपीसी की ओर से हरसंभव मदद प्रदान करने का भी आश्वासन दिया । माननीय सांसद (राज्यसभा) श्री हर्ष महाजन नें जिला चंबा में मॉनसून के दौरान आई आपदा से प्रभावित लोगों की मदद करने के लिए एनएचपीसी लिमिटेड का धन्यवाद किया।

इस मुलाक़ात के दौरान श्री उमेश कुमार नन्द, चमेरा–II पावर स्टेशन प्रमुख तथा श्री राजिल व्यास, चमेरा–III पावर स्टेशन प्रमुख भी उनके साथ थे।



## हिंदी पखवाड़ा

क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत में 14 सितंबर, 2025 से 29 सितंबर, 2025 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। 14 सितंबर, 2025 को हिंदी दिवस मनाया गया। इस दिन कार्यालय परिसर में बैनर लगाए गए और कार्यपालक निदेशक, श्री ओम प्रकाश महोदय का हिंदी दिवस पर संदेश सभी कार्मिकों और पावर स्टेशनों को जारी किया गया। इस वर्ष हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ हिंदी दिवस के दिन माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने सामूहिक तौर पर महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं एग्जीविशन सेंटर, गांधी नगर, गुजरात से किया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत की ओर से श्री दिनेश सिंह, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) और श्री देश राज, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) ने प्रतिनिधित्व किया।

प्रतियोगिताओं का आयोजन :

हिंदी पखवाड़े के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक बढ़–चढ़कर भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में 26 कार्मिकों ने भाग लिया। हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में श्री दिनेश सिंह, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रथम, श्री ओम प्रकाश, कार्यपालक निदेशक द्वितीय, डा. रणबीर सिंह राठी, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) तृतीय और श्री अमरीक कुमार, समूह महाप्रबंधक (सिविल) ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किए। नोटिंग–ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता में श्री सुरेंद्र कुमार गुप्ता, उप महाप्रबंधक (वित्त) प्रथम और श्री जट राम, वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किए। हिंदी शब्दावली एवं अनुवाद प्रतियोगिता में श्री अशवनी कुमार, वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक प्रथम, श्री चमन लाल, वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक द्वितीय और श्री शुभम कुमार, वरिष्ठ लेखाकार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता में श्रीमती रश्मि शर्मा, वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक प्रथम, श्रीमती सीमा शर्मा, वरिष्ठ पीआरटी द्वितीय, श्री कृष्ण कुमार पाण्डेय, उप प्रबंधक (विद्युत) तृतीय तथा श्री मनोहर लाल, कार्यालय अधीक्षक ने प्रोत्साहन पुरस्कार हासिल किया। कंप्यूटर पर हिंदी टंकण प्रतियोगिता में श्री विनोद कुमार, वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक प्रथम और श्रीमती बिन्ता देवी, कार्यालय अधीक्षक द्वितीय पुरस्कार हासिल किया। हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में श्री अमित अत्री, वरिष्ठ पीजीटी प्रथम, श्रीमती रचना शर्मा, वरिष्ठ पीजीटी द्वितीय, श्री सुभाष कुमार, पर्यवेक्षक (केयर टेकर) तृतीय, श्री हरजीत सिंह धीमान, वरिष्ठ प्रबंधक (विद्युत) और श्री मदन लाल, पर्यवेक्षक (चालक) ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किए।

हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन :

क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत में स्थापित पुस्तकालय में विभिन्न विषयों पर प्रतिषठित एवं प्रख्यात साहित्यकारों की अनेक पुस्तकें उपलब्ध हैं। अधिकारियों व कर्मचारियों में हिंदी पुस्तकें पढ़ने के प्रति रुचि उत्पन्न करने के लिए हिंदी पखवाड़े के दौरान हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन श्री ओम प्रकाश, कार्यपालक निदेशक ने फीता काटकर किया । इस अवसर पर कार्यालय में पदस्थ समूह महाप्रबंधक (सिविल) श्री अमरीक कुमार, श्री दिनेश सिंह,



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited




उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) और कार्यालय के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक महोदय ने कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि पुस्तकें हमारी सर्वश्रेष्ठ मित्र होती हैं। अतएव हमें पुस्तकें पढ़ने की नियमित आदत डालनी चाहिए। पुस्तकें पढ़ने से जहां हमारा ज्ञान वर्धन होता है, वहीं सकारात्मक सोच भी विकसित होती है। आगे उन्होंने कहा कि पुस्तकालय को अधिक समृद्ध बनाने के लिए प्रतिष्ठित एवं प्रख्यात साहित्यकारों की और अधिक श्रेष्ठ कृतियां मंगवाई जाएं। जिससे कि अच्छी – अच्छी रचनाएं पढ़कर हमारे कार्मिक लाभान्वित हो सकें।

राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी विभागों का निरीक्षण :

हिंदी पखवाड़े के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत के सभी विभागों का राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी निरीक्षण किया गया और वर्ष 2024–25 के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभाग को 'राजभाषा चल शील्ड' से सम्मनित किया गया । कार्यपालक निदेशक, श्री ओम प्रकाश ने वर्ष 2024–25 की 'राजभाषा चल शील्ड' मानव संसाधन विभाग को प्रदान की।



हिंदी पखवाड़े के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत में नवोन्मेषी कार्य के अंतर्गत 'भारतीय भाषाओं के सौहार्द' पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस संगोष्ठी में भारतीय भाषाओं यथा – हिंदी, तेलुगु, पंजाबी और अन्य प्रादेशिक भाषाओं और बोलियों पर चर्चा की गई।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक व समीक्षा बैठक :

हिंदी पखवाड़े के दौरान दिनांक 29.09.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत में कार्यपालक निदेशक महोदय की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति व समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कार्यालय के विभागध्यक्षों और नोडल अधिकारियों ने भाग लिया और हिंदी पखवाड़े के आयोजन पर तथा राजभाषा कार्यान्वयन की प्रत्येक मद पर गहनता से विचार – विमर्श किया गया।

मुख्य व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन :

क्षेत्रीय कार्यालय, बनीखेत में 30 सितंबर, 2025 को हिंदी पखवाड़े का मुख्य एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में श्री ओम प्रकाश, कार्यपालक निदेशक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । श्री ओम प्रकाश, कार्यपालक निदेशक ने प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों, सहभागियों और निर्णायक मंडल के सदस्यों को पुरस्कार प्रदान किए।

इस अवसर पर माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह, माननीय विद्युत मंत्र एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल, माननीय विद्युतएवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्री श्रीपाद नाईक और माननीय अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक श्री भूपेंद्र गुप्ता जी के संदेश भी पढ़े गए।

इस अवसर पर श्री अमरीक कुमार, समूह महाप्रबंधक (सिविल), श्री दिनेश सिंह, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि महोदय ने उपस्थित समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब मिल–जुलकर हिंदी के कार्य को आगे बढ़ाएं। हिंदी का प्रयोग करना हमारा संवैधानिक दायित्व है। कार्यालय में हिंदी प्रगति के लिए हमारे सामूहिक प्रयास होने अनिवार्य हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने व्यवहार और कार्यालय में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए। राजभाषा को बढ़ावा देने के लिए हमारे प्रयास तेज होने चाहिए।




हमें संकल्प करना चाहिए कि–राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत जारी होने वाले सभी कागजात (सामान्य आदेश, परिपत्र, प्रेस विज्ञप्तियां, अधिसूचना, टेंडर नोटिस आदि) द्विभाषी ही जारी किए जाएं। हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में ही दिए जाएं। हिंदी पत्राचार बढ़ाया जाए। अधिक से अधिक टिप्पणियां हिंदी में ही लिखी जाएं। सभी कार्मिकों को कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित एवं प्रशिक्षित किया जाए। हिंदी में प्रवीणता प्राप्त कार्मिकों से शत प्रतिशत कार्य हिंदी में ही करवाया जाए। भाषाई सौहार्द कायम करने हेतु विभिन्न हिंदी कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं। यह कार्यालय 'क' क्षेत्र में स्थित है और 'क' क्षेत्र में हिंदी में कार्य शत–प्रतिशत होना अनिवार्य है। मैं, सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से अपील करता हूं कि अपने कार्य में हिंदी भाषा का खुलकर प्रयोग करें, जिससे कि हिंदी पत्राचार के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। इस अवसर पर श्री देश राज, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया और सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी।

# बैरा स्यूल पावर स्टेशन

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत राजकीय उच्च विद्यालय, सुरंगानी में एनएचपीसी डॉक्टर द्वारा व्यक्तिगत स्वच्छता पर व्याख्यान

बैरा स्यूल पावर स्टेशन में दिनांक 17 सितंबर से 02 अक्तूबर,2025 तक स्वच्छता ही सेवा–2025 अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उसकी अनुक्रम दिनांक 24.09.2025 को एनएचपीसी के डॉक्टर द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय, सुरंगानी के बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता और सफाई विषय पर व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम में राजकीय उच्च विद्यालय के कक्षा 8 से कक्षा 10 तक के लगभग 45 बच्चों ने भाग लिया।




### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सार्वजनिक स्थानों की सफाई




बैरा स्यूल पावर स्टेशन में दिनांक 17 सितंबर से 02 अक्तूबर,2025 तक स्वच्छता ही सेवा–2025 अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उसकी अनुक्रम दिनांक 20.09.2025 को पावर स्टेशन के निकटवर्ती/सार्वजनिक क्षेत्रों यानि पार्क, अस्पताल, बैंक, कॉलोनी एवं कार्यालय की सफाई का अभियान चलाया गया और सभी महत्वपूर्ण स्थानों से कचरा हटाया गया।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मंदिर एवं गुरूद्वारा परिसर की सफाई



बैरा स्यूल पावर स्टेशन में दिनांक 17 सितंबर से 02 अक्तूबर,2025 तक स्वच्छता ही सेवा–2025 अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उसकी अनुक्रम दिनांक 27.09.2025 को पावर स्टेशन के निकटवर्ती अनुष्ठान मंदिर एवं गुरूद्वारा परसिर व शौचालयों की सफाई की गई

### स्वच्छता ही सेवा अभियान के अवसर पर एनएचपीसी कार्मिकों द्वारा श्रमदान




बैरा स्यूल पावर स्टेशन में दिनांक 17 सतिंबर से 02 अक्तूबर,2025 तक स्वच्छता ही सेवा अभयिान–2025 के तहत वभिन्नि कार्यक्रम आयोजित कएि जा रहे हैं। इसी अनुक्रम में दिनांक 25 सतिंबर,2025 को पावर स्टेशन के कार्मिकों द्वारा सुरंगानी मार्केट के पास 'एक दनि, एक घंटा, एक साथ–श्रमदान कयिा गया। इस श्रमदान में एनएचपीसी के कार्मिकों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।

## चमेरा पावर स्टेशन-I

### माननीय स्पीकर, हिमाचल प्रदेश विधानसभा श्री कुलदीप सिंह पठानिया जी का चमेरा पावर स्टेशन-I दौरा

माननीय स्पीकर, हिमाचल प्रदेश विधानसभा श्री कुलदीप सिंह पठानिया जी ने दिनांक 06.09.2025 को समलेउ, खैरी व आस–पास के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया व चमेरा पावर स्टेशन-I का भी दौरा किया। इस अवसर पर श्री एस. पी. राठौर, पावर स्टेशन प्रमुख, चमेरा पावर स्टेशन-I ने माननीय स्पीकर श्री कुलदीप सिंह पठानिया जी को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया तथा पारंपरिक हिमाचली टोपी, शाल पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया।

माननीय स्पीकर महोदय ने उपस्थित जन समूह की समस्याओं को सुना व उनके शीघ्र निदान हेतु सभी विभागों से उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने विशेषतः एनएचपीसी, चमेरा पावर स्टेशन-I द्वारा इस आपात स्थिति में किए जा रहे राहत कार्यों की सराहना की।

पावर स्टेशन प्रमुख महोदय ने हर संभव सहायता का आश्वासन दिया तथा एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे अन्य जनहित कार्यों के बारे में भी माननीय स्पीकर महोदय को अवगत कराया व हिमाचल सरकार से भी सहयोग की अपेक्षा की। इस अवसर पर माननीय स्पीकर महोदय ने पौधारोपण भी किया।

महाप्रबंधक (सिविल) श्री दीपक कुमार, एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण, राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, स्थानीय प्रशासन के पदाधिकारी, स्थानीय प्रतिनिधि व आम नागरिक भी इस अवसर पर मौजूद रहे।



## कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत का चमेरा पावर स्टेशन –I दौरा

कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत श्री ओम प्रकाश जी ने दिनांक 11.09.2025 को चमेरा पावर स्टेशन–I का दौरा किया। चमेरा पावर स्टेशन–I में पहुँचने पर पावर स्टेशन प्रमुख श्री एस.पी. राठौर ने परियोजना अतिथि गृह में पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सीआईएसएफ़ द्वारा कार्यपालक निदेशक महोदय को सलामी दी गई। पावर स्टेशन प्रमुख महोदय ने कार्यपालक निदेशक महोदय को पारंपरिक हिमाचली टोपी, शाल पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यपालक निदेशक महोदय ने चमेरा पावर स्टेशन-I के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के आरंभ में पावर स्टेशन प्रमुख ने कार्यपालक निदेशक महोदय का पावर स्टेशन आगमन पर आभार व्यक्त किया। कार्यपालक निदेशक महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि 540 मेगावाट का चमेरा पावर स्टेशन-I, खैरी एनएचपीसी लिमिटेड का एक आदर्श एवं आधुनिक पावर स्टेशन है। उन्होने सभी कार्मिकों से निरंतर सुधार, कौशल विकास और एनएचपीसी के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता की आवश्यकता पर बल दिया और पावर स्टेशन को अधिक बुलंदियों तक पहुंचाने में सहयोग देने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होने नवनियुक्त प्रशिक्षु अधिकारियों व प्रशिक्षु अभियंताओं से भी चर्चा की। उन्होने चमेरा&I के गंभीर मुद्दों पर भी चर्चा की तथा उचित मार्गदर्शन किया। बैठक में चमेरा पावर स्टेशन-I पर एक प्रस्तुतीकरण भी सम्मेलन कक्ष में दिखाया गया। तत्पश्चात कार्यपालक निदेशक महोदय ने पौधारोपण किया और चमेरा पावर स्टेशन–I का राजभाषा निरीक्षण भी किया।

तत्पश्चात कार्यपालक निदेशक महोदय ने पावर हाऊस तथा चमेरा-I बाँध का दौरा किया। इसके साथ उन्होने बरसात के कारण पावर स्टेशन की विभिन्न साइटस में हुए नुकसान का भी जायजा लिया। इस अवसर पर श्री कबिराज नायक, महाप्रबंधक (विद्युत) तथा श्री दीपक कुमार, महाप्रबंधक (सिविल) सहित चमेरा पावर स्टेशन-I के सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## हिंदी पखवाड़ा.2025 का आयोजन

चमेरा पावर स्टेशन–I में 14 से 29 सितंबर 2025 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। इस अवसर पर पावर स्टेशन प्रमुख श्री एस. पी. राठौर की ओर से अपील भी जारी की गई। हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ हिंदी दिवस के दिन माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने सामूहिक तौर पर महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं एग्जीवीशन सेंटर, गांधी नगर, गुजरात से किया।

पखवाड़े के दौरान प्रशासनिक भवन, पावर हाउस तथा बांध परिसर में बैनर लगाए गए तथा चमेरा पावर स्टेशन–I के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। उप महाप्रबंधक एवं इससे उच्च अधिकारियों के लिए हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए हिंदी शब्दावली एवं अनुवाद प्रतियोगिता, हिंदी नोटिंग–ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता, हिंदीत्तर भाषी कार्मिकों के लिए सृजनात्मक कहानी लेखन प्रतियोगिता तथा पावर हाउस तथा बाँध परिसर के कार्मिकों के लिए हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राजभाषा के प्रचार एवं प्रसार हेतु पखवाड़े के दौरान "भारतीय भाषाओं के सौहार्द" पर काव्य संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

दिनांक 24.09.2025 को हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन पावर स्टेशन प्रमुख श्री एस. पी. राठौर ने किया। इस प्रदर्शनी में हिंदी में प्रकाशित महत्वपूर्ण किताबों को रखा गया, जिसमें शब्दकोश, जीवन परिचय, कहानियां, जीवन दर्शन, प्रेरक पुस्तकें व हिंदी के जाने माने लेखकों मुंशी प्रेमचंद, रवीन्द्र नाथ टैगोर, जयशंकर प्रसाद, अमृता प्रीतम, हरिवंश राय बच्चन की किताबें रखी गई। पावर स्टेशन प्रमुख महोदय ने सभी कार्मिकों को पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि पुस्तकें ज्ञान का असीमित भंडार होती हैं और अच्छी पुस्तकें जीवन में नैतिक मूल्यों की शिक्षा देकर एक बेहतर व्यक्ति और नागरिक बनने में मदद करती हैं।

दिनांक 29.09.2025 को पावर स्टेशन प्रमुख महोदय की अध्यक्षता में समीक्षा एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में चमेरा पावर स्टेशन-I के सभी विभागाध्यक्षों पखवाड़े के दौरान आयोजित किए गए कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं पर चर्चा की गई। बैठक में तिमाही प्रगति रिपोर्ट तथा राजभाषा की महत्वपूर्ण मदों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

दिनांक 30.09.2025 को हिंदी पखवाड़े का मुख्य समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में केंद्रीय विद्यालय तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला समलेऊ के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। श्री एस. पी. राठौर, पावर स्टेशन प्रमुख, चमेरा पावर स्टेशन-I द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। उन्होने सभी विजेताओं को बधाई दी और कहा कि भाषा किसी भी राष्ट्र की सामाजिक एवं सांस्कृतिक धरोहर की संवाहिका होती है। कोई भी देश स्वभाषा के बिना अपने राष्ट्रीय व्यक्तित्व को मौलिक रूप से परिभाषित नहीं कर सकता। हिंदी हर भारतीय के हृदय से जुड़ी हुई भाषा है और यही कारण है कि हिंदी के प्रयोग में आत्मीयता का अहसास होता है। हिंदी भारत की सर्वाधिक सरल, सहज तथा व्यवहारिक भाषा होने के कारण राजभाषा के पद पर सुशोभित है। उन्होने कहा कि सभी अपने दैनिक कार्यों में हिंदी भाषा का अधिक से अधिक प्रयोग करें तथा इसे केवल एक पखवाड़े तक ही सीमित न रखें। इस दौरान माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह, माननीय विद्युत मंत्री एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल, माननीय विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद नाईक तथा माननीय अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री भूपेन्द्र गुप्ता जी के संदेश भी पढ़े गए।

इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (विद्युत), श्री आशुतोष स्वर्णकार, उप महाप्रबंधक (वित्त), श्री श्रवण सिंह, उप महाप्रबंधक (विधि), श्रीमती वंदना भूटानी सहित चमेरा पावर स्टेशन–I के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण भी मौजूद रहे।





@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# सेवा-II पावर स्टेशन

## सेवा-II पावर स्टेशन ने मनाया 16 वां स्थापना दिवस



सेवा-II पावर स्टेशन माश्का (जम्मू व कश्मीर) में दिनांक 24/07/2025 को विधिपूर्वक एवं बड़ी धूम–धाम के साथ 16 वां सेवा-II स्थापना दिवस मनाया गया। प्रातः 08:00 बजे समस्त सेवा–II परिवार के सुख एवं समृद्धि के लिए पावर हाउस परिसर में समस्त अधिकारियों, कर्मचरियों और परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में पूजा एवं हवन किया गया।

इस अवसर पर सेवा–II के प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे श्री मदनलाल शर्मा, ग्रुप महाप्रबंधक (एचओपी), सेवा–II पावर स्टेशन, माश्का बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ श्री एस के डोडेजा, एक्स–निदेशक, एनएचपीसी, श्री उमेश कुमार नन्द, पावर स्टेशन प्रमुख, चमेरा–1 व 2, श्री राजिल व्यास, चमेरा–3 पावर स्टेशन प्रमुख ,श्री कल्पतरु नायक, महाप्रबंधक (विद्युत) उपस्थित थे। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में सेवा–II पावर स्टेशन प्रमुख, श्री मदन लाल शर्मा, ने पारंपरिक ढंग से अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस स्थापना दिवस पर पावर स्टेशन प्रमुख, श्री मदन लाल शर्मा जी ने पिछले वर्षो में सेवा-II द्वारा किए गए विभिन्न कार्यो व उपलब्धियों का विवरण दिया। उन्होने सेवा-II द्वारा किए गए विभिन्न उपलब्धियों, अमूल्य सेवाओं , प्रयासों तथा कड़ी मेहनत की सराहना की।

तदुपरांत मुख्य अतिथि द्वारा सभी सम्मानित अतिथियों का धन्यवाद किया गया। कार्यक्रम के उपरांत सभी ने मिलकर एक साथ प्रीतिभोज का आनंद लिया।

### "स्वच्छता ही सेवा अभियान–2025" स्वच्छोत्सव के अंतर्गत शपथ ग्रहण का आयोजन

ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार व निगम मुख्यालय के निर्देशानुसार सेवा-II पावर स्टेशन, माश्का, जे एंड के में "स्वच्छता ही सेवा अभियान–2025" स्वच्छोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पावर स्टेशन प्रमुख , श्री मदनलाल शर्मा ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिनांक 17.09.2025 को दिलवाई।



इसी के साथ "स्वच्छता ही सेवा" अभियान-2025 के अंतर्गत सेवा-II पावर हाउस परिसर में इस वर्ष विश्वकर्मा पूजा को स्वच्छ, हरित और शून्य अपशिष्ट सिद्धांत पर आधारित विशेष रूप से मनाया गया। इस मौके पर पावर स्टेशन प्रमुख, श्री मदनलाल शर्मा ने विश्वकर्मा जयंती पर पावर हाउस परिसर में विश्वकर्मा पूजा की। इस अवसर पर श्री कल्पतरु नायक, महाप्रबंधक (विद्युत),श्री असित रंजन पटनायक, उप महाप्रबंधक(विद्युत) तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

पूजा स्थल और उसके आस–पास के सभी क्षेत्रों की पूर्व एवं पश्चात सफाई सुनिश्चित की गई। कचरा निस्तारण हेतु अलग–अलग प्रकार के डस्टबिन (गीला और सूखा) रखे गए। कर्मचारियों और आगंतुकों से अपील की गई कि वे स्वच्छता बनाए रखें और कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें।इस आयोजन में किसी भी प्रकार के सिंगल यूज़ प्लास्टिक, थर्मोकोल या अन्य गैर–बायोडिग्रेडेबल सामग्री का उपयोग नहीं किया गया। पूजा के बाद बायोडिग्रेडेबल सामग्री को इकट्ठा कर उसका निपटान कर दिया गया , जिससे प्रकृति को कोई नुकसान न हो।

अंत में, उन्होने सभी से यह निवेदन किया कि "स्वच्छता ही सेवा" को केवल एक कार्यक्रम न समझें, बल्कि इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

### "स्वच्छता ही सेवा–2025" के अंतर्गत "वृक्षारोपण अभियान"




ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार सेवा-II पावर स्टेशन, माश्का, जे-के में "स्वच्छता ही सेवा–2025" के अंतर्गत दिनांक 22.09.2025 को सेवा-II पावर स्टेशन के एनएचपीसी वरिष्ठ फील्ड हॉस्टल के सामने"वृक्षारोपण अभियान" चलाया गया।

इस अभियान का उद्देश्य लोगों को वृक्षारोपण के महत्व के प्रति जागरूक करना और उन्हें इस कार्य में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना रहा, जिससे पर्यावरण को सुरक्षित और स्वच्छ बनाने, ग्लोबल वार्मिंग पर नियंत्रण करने, प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने तथा जल और मिट्टी संरक्षण इत्यादी में मदद मिल सके।

### स्वच्छता ही सेवा–2025" के अंतर्गत कूड़ेदान और सफाई सामग्री का वितरण व प्लास्टिक के एकल प्रयोग के बारे में सामान्य जागरूकता जूट से बने थैलों का वितरण।

ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार सेवा–II पावर स्टेशन, माश्का, जे–के में "स्वच्छता ही सेवा –2025" के अंतर्गत सेवा–II पावर स्टेशन के नजदीक राजकीय माध्यमिक विद्यालय खड्डी तथा राजकीय माध्यमिक विद्यालय बदाड़ी में कूड़ेदान और सफाई सामग्री का व प्लास्टिक के एकल प्रयोग के बारे में सामान्य जागरूकता एवं जूट से बने थैलों का वितरण किया गया।




## "स्वच्छता ही सेवा–2025" के अंतर्गत "एक दिन एक घंटा एक साथ" कार्यालय परिसर की गहन सफाई अभियान।



ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार सेवा-II पावर स्टेशन, माश्का, जे एंड के में "स्वच्छता ही सेवा–2025" के अंतर्गत दिनांक 25.09.2025 को सभी कर्मियों द्वारा अपने कार्यस्थल में "एक दिन एक घंटा एक साथ" के तहत कार्यालय परिसर के डेस्क, कैबिन, कमरा, केबिनेट, अलमारी, ऑफिस परिसर इत्यादि की सफाई की गई। पावर स्टेशन प्रमुख, श्री मदन लाल शर्मा द्वारा सभी कार्मिको से अपील की गई की नियमित अंतराल पर इन जगहों की सफाई की जाती रहे , ताकि कार्यस्थल का माहौल सुरक्षित और स्वच्छ बना रहे। इसके साथ ही परियोजना प्रमुख द्वारा सभी से यह आग्रह किया गया कि अपने कार्यस्थल में मौजूद अनावश्यक और पुरानी फाइलों को पहचानें, जो अब अनुपयोगी हो गई हैं, और उन्हें निर्धारित तरीके से विनियमित करें।

## "स्वच्छता ही सेवा–2025" के अंतर्गत सार्वजनिक स्थान का सफाई अभियान

ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार सेवा-II पावर स्टेशन, माश्का, जे एंड के में "स्वच्छता ही सेवा–2025" के अंतर्गत दिनांक 26.09.2025 को सेवा-II पावर स्टेशन द्वारा सार्वजनिक स्थान की सफाई का काम प्रमुख रूप से ध्यान में रखा गया। इस दौरान,सेवा विहार कॉलोनी के बाहर माश्का बाज़ार की सफाई के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा विशेष ध्यान दिया गया।

इस अवसर पर पावर स्टेशन प्रमुख श्री मदन लाल शर्मा द्वारा यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता न केवल हमारे समुदाय के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि हमारे पर्यावरण को भी सुरक्षित और स्वच्छ रखने में सहायक है इसके साथ ही हम सभी का यह दायित्व है कि हम स्वच्छता को प्राथमिकता दें और अपने सार्वजनिक स्थानों की सफाई में योगदान करें।

स्वच्छता ही सेवा–2025 के दौरान, सेवा-II पावर स्टेशन के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उपरोक्त सार्वजनिक स्थान की सफाई का कार्य संगठित तरीके से किया एवं स्थानीय समुदाय को स्वच्छता के महत्व को समझाने का प्रयास किया।



## "स्वच्छता ही सेवा –2025" के तहत" सफाई मित्र सुरक्षा शिविर" का आयोजन

ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार सेवा-II पावर स्टेशन, माश्का, जे एंड के में "स्वच्छता ही सेवा–2025" के अंतर्गत सेवा-II पावर स्टेशन में "सफाई मित्र सुरक्षा शिविर" में संविदा सफाई कर्मचारियों की सामान्य चिकित्सा जांच तथा व्यक्तिगत हाइजीन किट का वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन पावर स्टेशन प्रमुख श्री मदन लाल शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर सेवा-II पावर स्टेशन के डॉक्टर राकेश कुमार चिंतन, ग्रुप सीनियर डीसीएमओ तथा डॉक्टर रज़िया सुल्ताना शैक ,वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वारा सफाई कर्मचारियों की सामान्य चिकित्सा जांच की गई तथा स्वास्थ्य से संबन्धित सामान्य जानकारी दी गई। यह आयोजन मुख्यतः संविदा सफाई कर्मचारियों में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए किया गया। इस दौरान 182 संविदा कर्मचारियों की जांच की गई।




## सेवा डिस्पेन्सरी, में सीएसआर-एसडी योजना के तहत निशुल्क संविदा कर्मचारियों की वार्षिक स्वास्थ्य जाँच का आयोजन।

सेवा-II पावर स्टेशन द्वारा दिनांक 25.09.2025 को वर्ष (2025–26) के अंतर्गत एनएचपीसी सीएसआर एवं एसडी योजना के तहत निशुल्क संविदा कर्मचारियों की वार्षिक स्वास्थ्य जाँच का आयोजन किया गया।

शिविर का उदघाटन पावर स्टेशन प्रमुख श्री मदन लाल शर्मा द्वारा किया गया। इस मौके पर श्री कल्पतरू नायक महाप्रबंधक (विद्युत), श्री असित रंजन पटनायक, उप महाप्रबंधक (विद्युत), डॉक्टर राकेश कुमार चिंतन, ग्रुप वरिष्ठ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर रज़िया सुल्ताना शैक, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों व संविदा सफाई कर्मचारिगण उपस्थित रहे।



## हिंदी पखवाड़े के दौरान हिंदी प्रतियोगिताओं व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन ।

निगम मुख्यालय के निर्देशानुसार गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेवा-II पावर स्टेशन में हिन्दी पखवाड़े का आयोजन दिनांक 14.09.2025 से 29.09.2025 तक किया गया।

सेवा-II पावर स्टेशन में हिन्दी पखवाड़े की शुरुआत पुस्तक प्रदर्शनी से की गई। दिनांक 16.09.2025 को सेवा-II पावर स्टेशन के पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की पुस्तकें प्रदर्शित की गई।

हिंदी पखवाड़े के दौरान सेवा-II पावर स्टेशन में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिनमें सभी कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक बढ़ चढ़ कर भाग लिया। दिनांक 17.09.2025 से दिनांक 23.09.2025 तक हिंदी प्रश्नोत्तरी/अनुवाद प्रतियोगिता, हिंदी श्रुत लेख व सुलेख प्रतियोगिता, हिंदी काव्य पाठ प्रतियोगिता, हिंदी नोटिंग ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता तथा हिंदी टंकण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें अधिक से अधिक कार्मिकों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की गई। दिनांक 24.09.2025 को एक हिन्दी संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

दिनांक 30.09.2025 को हिन्दी पखवाड़े के समापन समारोह का आयोजन किया गया, पावर स्टेशन प्रमुख द्वारा सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया।





@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

# क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़

## मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री संतोष कुमार ने किया क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ का दौरा



एनएचपीसी लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री संतोष कुमार ने दिनांक 24.07.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ का दौरा किया ᐩ इस दौरान कार्यालय परिसर आगमन पर कार्यपालक निदेशक श्री आदित्य गौतम ने मुख्य सतर्कता अधिकारी का पुष्पगुच्छ देकर एवं शाल–टोपी पहना कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस दौरे के दौरान मुख्य सतर्कता अधिकारी ने कार्यालय के कार्यपालक निदेशक एवं वरिष्ठ अधिकारीयों के साथ बैठक की एवं क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के अधिनस्त विभिन्न परिजनाओं/पॉवर स्टेशन में चल रहे कार्यों एवं विकासात्मक गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की एवं मार्ग दर्शन किया।

## 6वां टी-20 इंडिया डेफ प्रीमियर लीग




श्रवण बाधित समुदाय (Hearing Impaired) के लिए चंडीगढ़ के डेफ़ क्रिकेट संघ द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट दिनांक 1 अगस्त से 4 अगस्त, 2025 तक व्हाइट बॉल क्रिकेट ग्राउंड, क्रिकेट स्टेडियम, सेक्टर 16, चंडीगढ़ और ळडै, सेक्टर 26 में आयोजित किया गया। चंडीगढ़ के डेफ क्रिकेट संघ भारतीय डेफ क्रिकेट परिषद से affiliated है।

दिनांक 1–4 अगस्त, 2025 तक श्रवण बाधित लोगों के लिए आयोजित 6जी T-20 India Deaf Premier League–2025, क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए देश भर से आठ ( 8 ) टीम ने भाग लिया। अतः इस दौरान देश भर के खिलाड़ी, स्थानीय प्रशासन, मीडिया प्रतिनिधियों और प्रेस कवरेज वाले विविध दर्शक इत्यादि ने भाग लिया।

एनएचपीसी लिमिटेड की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में एनएचपीसी लिमिटेड की उच्च छवि प्रतिष्ठित करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय कार्यालय ने प्रायोजक के रूप में इस कार्यक्रम में सहयोग दिया।

## अमर उजाला मेधावी छात्र सम्मान समारोह -2025 में प्रयोजन किया




क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ ने अमर उजाला द्वारा आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह–2025 में प्रयोजन किया। यह कार्यक्रम चंडीगढ़ के प्रमुख दैनिक समाचार पत्र में से एक अमर उजाला द्वारा दिनांक 12.06.2025 को पंचकुला, हरियाणा में आयोजित किया गया। यह एक राज्य–स्तरीय सम्मान समारोह है जो पूरे हरियाणा के प्रतिभाशाली छात्रों की शैक्षणिक उत्कृष्टता का जश्न मनाता है।

यह भव्य कार्यक्रम 12 जुलाई 2025 को पंचकूला के सेक्टर 5 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया जिसमे हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुये। इस आयोजन में 900–1000 विशिष्ट लोग शामिल हुए, जिनमें कक्षा 10वीं और 12वीं के 300–350 सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र, उनके माता–पिता/अभिभावक, शिक्षाविद और मीडिया प्रतिनिधि शामिल थे।

अमर उजाला मेधावी छात्र सम्मान समारोह–2025 के आयोजन हेतु एनएचपीसी ने प्रायोजक के रूप में अपना योगदान दिया। इस संदर्भ में अमर उजाला प्रबंधन ने एनएचपीसी प्रबंधन का आभार व्यक्त किया तथा हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने श्रीमती रूबी रैना, महाप्रबंधक विधि एवं श्रीमती डॉली सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (जनसंपर्क) एवं अन्य प्रायोजकों को सम्मानित किया।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री, श्री आर के सिंह ने किया क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ का दौरा

पूर्व केंद्रीय मंत्री, श्री आर के सिंह ने दिनांक 28.07.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ का दौरा किया ᐩ क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ के गेस्ट हाउस परिसर आगमन पर कार्यपालक निदेशक श्री आदित्य गौतम ने पौधा भेंट कर एवं पारंपरिक शाल–टोपी पहना कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। तत्पश्चात पूर्व केंद्रीय मंत्री, श्री आर के सिंह ने कार्यपालक निदेशक के साथ बैठक की एवं एनएचपीसी की विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं के विकासात्मक गतिविधियों के बारे मे जायजा लिया तथा क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के अधिनस्त विभिन्न परिजनाओं/पॉवर स्टेशन में चल रहे कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की ।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited



## राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में दिनांक 29.08.2024 से 31.08.2025 तक राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया ᑊ इस कार्यक्रम के अंतर्गत सक्रीय और स्वस्थ्य जीवन शैली जीने हेतु कार्यपालक निदेशक की अगुवाई में कार्मिकों द्वारा दिनांक 29.08.2025 को 'फिट इंडिया शपथ' ली गई तथा 30.08.2025 को महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए कैरम प्रतियोगिता, लेमन स्पून प्रतियोगिता एवं रस्सा कस्सी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में समस्त कार्मिकों एवं निविदा कर्मियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगीताओं के अंत में कार्यपालक निदेशक ने सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया तथा सभी कार्मिकों को भी फिट रहने के लिए प्रेरित किया।



## विश्वकर्मा दिवस

क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ ने दिनांक 17.09.2025 को कार्यालय परिसर सेक्टर 31। विश्वकर्मा दिवस हर्शौल्लास से मनाया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री आदित्य गौतम एवं अन्य कार्मिकों ने मिलकर हवन एवं पुजा अर्चना की। तत्पश्चात सभी ने अपने परीजनों के साथ भंडारे का आनंद लिया।



## स्वच्छता पखवाड़ा -2025 का आयोजन

क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ द्वारा 16.09.2025 से 01.10.2025 तक स्वच्छता पखवाड़ा का मनाया गया। इस दौरान विभीन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

"स्वच्छता ही सेवा–2025" अभियान के Clean Public Space के अंतर्गत दिनांक 22.09.2025 को एमसी चंडीगढ़ के साथ सेक्टर–31 जापानी गार्डन के सामने के पार्किंग क्षेत्र में साफ–सफाई का कार्य किया गया।

"स्वच्छता ही सेवा–2025" अभियान के "पि डपजत" नतीों पिअपत के अंतर्गत दिनांक 27.09.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में एनएचपीसी चिकित्सक के माध्यम से "हैल्थ कैंप" का आयोजन किया गया।

"स्वच्छता ही सेवा–2025" अभियान के Ek Ped Maa Ke Naam के अंतर्गत दिनांक 30.09.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में प्रशासनिक भवन के सामने पौधरोपण का कार्य किया गया है।

"स्वच्छता ही सेवा–2025" अभियान के Advocacy के प्रोग्राम में आज दिनांक 01.10.2025 को क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के अंतर्गत महर्षि दयानन्द पब्लिक स्कूल,चंडीगढ़ में एनएचपीसी के माध्यम से "e-waste management/ Ecofriendly environment" पर व्याख्यान (लेक्चर )का आयोजन किया गया।




# पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II

## प्राथमिक विद्यालय मणिकरण कुल्लू में दो कक्षों का निर्माण



एनएचपीसी पार्बती परियोजना चरण–II के द्वारा प्राथमिक विद्यालय मणिकरण कुल्लू में दो कक्षों का निर्माण सीएसआर–एसडी (CSR-SD) योजना 2024–25 के तहत रुपये 17.88/– (सत्रह लाख अठासी हज़ार रुपये) में किया गया। एनएचपीसी पार्बती चरण–II द्वारा परियोजना के आस–पास स्थानीय शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के उद्देश्य से कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सतत् विकास योजना (CSR-SD) 2024–25 के अंतर्गत दिनांक 16 जुलाई 2025 को प्राथमिक विद्यालय मणिकरण कुल्लू में परियोजना प्रमुख श्री रणजीत सिंह के द्वारा लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर पार्बती चरण–II के बाँध परिसर के महाप्रबंधक (सिविल), श्री राजीव अनुज शर्मा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), श्री अरविंद कौशिक, ग्रुप वरिष्ठ प्रबंधक (पु.), श्री राकेश प्रसाद तथा ग्राम पंचायत मणिकरण के प्रधान, प्राथमिक विद्यालय मणिकरण कुल्लू, प्रबंधन समिति (SMC) की अध्यक्षा व सदस्य, प्रधानाचार्य तथा विद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान अपने सम्बोधन में श्री तेजा सिंह, (केंद्रीय मुख्य शिक्षक) व श्रीमति बबीता देवी, प्राथमिक विद्यालय मणिकरण कुल्लू प्रबंधन समिति (SMC) की अध्यक्ष नें उक्त सहायता के लिए एनएचपीसी पार्बती चरण–II का आभार

व्यक्त किया तथा एनएचपीसी सीएसआर एंड एसडी (CSR -SD) द्वारा परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के साथ–साथ समस्त कुल्लू जिला में किए जा रहे विकासात्मक कार्यों की प्रशंसा की।

## निदेशक (तकनीकी) का पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण-II का दौरा

श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी), एनएचपीसी ने दिनांक 31.07.2025 से 01.08.2025 तक पार्बती जलविद्युत परियोजना, चरण–II का दौरा किया। इस दौरान निदेशक महोदय के साथ कार्यपालक निदेशक चंडीगढ श्री आदित्य गौतम और परियोजना प्रमुख श्री रणजीत सिंह ने पार्बती परियोजना के पावर हाउस, सिउंड का दौरा कर जिला कुल्लू में बादल फटने के कारण परियोजना को हुए नुकसान का जायज़ा लिया। उन्होंने पावर हाउस में बिजली उत्पादन पुनः शीघ्र शुरू करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की एवं कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक सुझाव व दिशानिर्देश दिए। दौरे के दौरान परियोजना प्रमुख श्री रणजीत सिंह ने श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक महोदय को पारंपरिक शाल व कुल्लवी टोपी पहनाकर उनका परियोजना में अभिवादन भी किया।

दिनांक 01 अगस्त 2025 को श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक महोदय को परियोजना की सुरक्षा में लगे भूतपूर्व सैनिकों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तत्पश्चात निदेशक महोदय ने नगवाईं कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरे पर उनके साथ निगम मुख्यालय से आए वरिष्ठ अधिकारीण एवं परियोजना के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

पार्बती जलविद्युत परियोजना चरण–II में दिनांक 29 अगस्त 2025 को राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में नगवाईं कार्यालय में परियोजना प्रमुख श्री रणजीत सिंह ने परियोजना के कर्मचारियों को "फिट इंडिया शपथ" दिलवाई। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं (टग ऑफ वार, प्लैंक चैलेंज, लेमन रेस, 800 मीटर रेस) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान परियोजना के कर्मचारियों, संविदा कर्मियों व प्रशिक्षुओं ने बड़े उत्साह एवं जोश के साथ खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। तत्पश्चात विजेताओं को पुरस्कार वितिरित किये गये। इस कार्यक्रम में परियोजना के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, कार्मिक व संविदा कर्मी उपस्थित रहे।

दिनांक 30 अगस्त 2025 को सेंज पावर हाउस परिसर में वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वॉलीबॉल विजेताओं को पावर हाउस के महाप्रबंधक (विद्युत) श्री संतोष कुमार द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए।



## भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री माननीय श्री अजय टम्टा परियोजना का दौरा

दिनांक 14 सितंबर 2025 को भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री, माननीय श्री अजय टम्टा एवं हिमाचल प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री श्री जयराम ठाकुर ने एनएचपीसी की पार्वती जलविद्युत परियोजना चरण-II, नगवाईं का दौरा किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख श्री रणजीत सिंह ने माननीय मंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया तथा पारंपरिक कुल्लवी शॉल और टोपी पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। हिमाचल प्रदेश पुलिस द्वारा माननीय मंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया गया।

परियोजना प्रमुख ने माननीय मंत्री को पार्वती परियोजना चरण-II की प्रगति, तकनीकी विशेषताओं और चुनौतियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। माननीय श्री अजय टम्टा ने एनएचपीसी द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कंपनी की तकनीकी दक्षता, पर्यावरणीय संतुलन के प्रति प्रतिबद्धता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना प्रशंसनीय है। उन्होंने सीएसआर (CSR) के तहत चल रही सीई (Corporate Environment) की पहलों की भी विशेष रूप से प्रशंसा की, जिनसे स्थानीय समुदायों को सतत विकास की दिशा में लाभ मिल रहा है।

इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री महेश्वर सिंह, पूर्व मंत्री श्री गोविंद सिंह ठाकुर, बंजार विधायक श्री सुरेंद्र शौरी, करसोग विधायक श्री दीप राज, एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री वरुण चारी तथा परियोजना के महाप्रबंधक (सिविल) श्री पी. के. श्रीवास्तव एवं उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री अरविंद कौशिक सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी

## निदेशक (कार्मिक) दार्जिलिंग हिल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, तकदा, प.बं. का उद्घाटन

दिनांक 26.08.2025 को निदेशक (कार्मिक), श्री उत्तम लाल के बागडोगरा एयरपोर्ट आगमन पर उनका स्वागत कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी, श्री अनिल कुमार दाश ने किया। उनके साथ महाप्रबंधक (सिविल), श्री भागमत मरांडी एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

तीस्ता लो डैम-III पावर स्टेशन आगमन पर निदेशक (कार्मिक) महोदय का स्वागत पावर स्टेशन प्रमुख, तीस्ता लो डैम-III एवं IV पावर स्टेशन, श्री प्रदीप कुमार राय ने किया। उनके साथ इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी, महाप्रबंधक(यांत्रिक), श्री आशुतोष कुमार झा एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। दिनांक 27.08.2025 को तीस्ता लो डैम-III पावर स्टेशन के गेस्ट हाउस परिसर में निदेशक (कार्मिक) महोदय ने वृक्षारोपण



किया तथा सी आई एस एफ के द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। गणेशोत्सव के विशेष अवसर पर उन्होनें तीस्ता लो-III पावर स्टेशन के कॉलोनी परिसर में गणेश जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किया तथा पूजा अर्चना की। उन्होनें तीस्ता लो-III पावर स्टेशन के बारे में संबंधित कार्मिकों से जानकारी ली एवं दिशानिर्देश दिए।

दिनांक 27.08.2025 को निदेशक (कार्मिक) महोदय की उपस्थिति में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, गोरखालैंड प्रादेशिक प्रशासन (जीटीए), श्री अनित थापा ने पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के तकदा में दार्जिलिंग हिल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट का उद्‌घाटन किया। एनएचपीसी की सीएसआर पहल के तहत तीस्ता लो डेम-III एवं IV पावर स्टेशनों द्वारा जीटीए के सहयोग से पश्चिम बंगाल में सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड में संचालित होने वाला यह पहला तकनीकी डिग्री कॉलेज है। इस संस्थान की स्थापना स्थानीय युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिए किया गया है। प्रारंभिक चरण में यहाँ सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, एआई और मशीन लर्निंग में बी. टेक कार्यक्रम और होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी में स्नातक कार्यक्रम प्रदान किया जाएगा।

सभा को संबोधित करते हुए श्री उत्तम लाल ने कहा कि एनएचपीसी हरित ऊर्जा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और साथ ही आसपास के क्षेत्र के विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने कॉलेज के सभी टीम सदस्यों को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि यहां से निकलने वाले छात्र देश और दुनिया में नाम रोशन करेंगे।

यह ऐतिहासिक पहल पहाड़ के युवाओं के लिए एक नए युग की शुरुआत है, अधिक अवसरों के द्वार खोलेगी और क्षेत्र में समावेशी विकास को बढ़ावा देगी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी, श्री अनिल कुमार दाश, पावर स्टेशन प्रमुख, तीस्ता लो डेम-III एवं IV पावर स्टेशन, श्री प्रदीप कुमार राय, एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारी, जीटीए और पश्चिम बंगाल सरकार के गणमान्य व्यक्ति, संकाय सदस्य, छात्र और स्थानीय समुदाय के सदस्य भी उपस्थित रहे।

दिनांक 27.08.2025 को तीस्ता लो डैम-IV पॉवर स्टेशन, कालीझोरा में निदेशक (कार्मिक) श्री उत्तम लाल का दौरा हुआ। उनके आगमन पर समूह महाप्रबंधक व परियोजना प्रमुख श्री प्रदीप कुमार राय एवं पॉवर स्टेशन के अधिकारीयों ने उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

दौरे के दौरान निदेशक (कार्मिक) महोदय ने नव–नियुक्त कार्मिकों के साथ एक परिचयात्मक बैठक भी की। अपने संबोधन में उन्होंने संगठन की कार्य संस्कृति, अनुशासन तथा परिश्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नव–नियुक्त कर्मचारियों को ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। निदेशक (कार्मिक) महोदय ने नव–नियुक्त कर्मचारियों को उनके उज्ज्वल भविष्य एवं संगठन की निरंतर प्रगति हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित की।

## निदेशक (तकनीकी) महोदय, एनएचपीसी लिमिटेड का क्षेत्रीय कार्यालय,सिलीगुड़ी का दौरा

दिनांक 11 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2025 को एनएचपीसी लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी) महोदय श्री सुप्रकाश अधिकारी एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमति सोमा अधिकारी महोदया ने क्षेत्रीय कार्यालय, सिलीगुड़ी का दौरा किया। उनके आगमन पर श्री अनिल कुमार दाश, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्र–सिलीगुड़ी के मार्गदर्शन में श्री भागमत मरांडी महाप्रबंधक (सिविल), श्री शरद चंद्र महाप्रबंधक (वित्त), एवं श्री रमेश चंद्र दास महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने उनका हार्दिक स्वागत किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय, सिलीगुड़ी के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। इस दौरान निदेशक (तकनीकी) महोदय एवं उनकी धर्मपत्नी महोदया ने कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। अपने दौरे के दौरान निदेशक (तकनीकी) महोदय ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ सौहार्दपूर्ण संवाद किया और सभी को उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए प्रोत्साहित किया।



## हिन्दी पखवाड़ा-2025 का आयोजन

श्री अनिल कुमार दाश, कार्यपालक निदेशक, क्षेत्र–सिलीगुड़ी के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय कार्यालय, सिलीगुड़ी में 15.09.2025 से 29.09.2025 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। आमंत्रित विशिष्ट अतिथि डॉ. श्रीमती मनीषा झा, प्रोफ़ेसर व विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग, उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय एवं श्री भागमत मरांडी, महाप्रबंधक (सिविल) के करकमलों से दीप प्रज्ज्वलन के साथ 15.09.2025 को हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ हुआ।पखवाड़े के दौरान कुल 03 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें 34 प्रतिभागियों ने भाग लिया और जिनमें से 20 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

इसी क्रम में कार्मिकों में हिन्दी पुस्तक पठन के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 24.09.2025 को हिन्दी पुस्तकों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। दिनांक 27.09.2025 को हिन्दी काव्य गोष्ठी एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें सिलीगुड़ी शहर के ख्याति प्राप्त छः कवि एवं कवयित्री को आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान हिन्दी पखवाड़ा–2025 के दौरान आयोजित विविध प्रतियोगिताओं के विजेताओं को श्री भागमत मरांडी, महाप्रबंधक (सिविल) के करकमलों से पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान हिन्दी में सराहनीय कार्य करने हेतु "हिन्दी नोटिंग–ड्राफ्टिंग प्रोत्साहन योजना" के अंतर्गत कुल 26 कार्मिकों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया तथा शैक्षणिक वर्ष 2024–25 के दौरान हिन्दी विषय में अच्छे अंकों से 10 वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करनेवाले कार्मिकों के 03 बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार के माननीय गृह मंत्री, ऊर्जा मंत्री, ऊर्जा राज्य मंत्री एवं एनएचपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश वाचन किया गया। अंत में सामूहिक राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।




## राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी श्री अनिल कुमार दाश, के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय कार्यालय, सिलीगुड़ी में दिनांकः 29 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह के साथ मनाया गया।

क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी में 29 अगस्त 2025 को कार्यालय परिसर में एक वॉकाथन का आयोजन किया गया जिसमें  महाप्रबंधक (सिविल) श्री भागमत मरांडी के साथ क्षेत्रीय कार्यालय सिलीगुड़ी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। उपस्थित कार्मिकों को इस अवसर पर शपथ दिलाते हुए श्री भागमत मरांडी ने कहा की हम सब के जीवन में खेल, स्वास्थ और अनुशासन लेकर आता है अतएव इसे अपने दैनिक क्रियाकलाप का हिस्सा बनाना चाहिए।

क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में 30 अगस्त 2025 को रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान टीम भावना के साथ सभी कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्मिकों को महाप्रबंधक (सिविल) श्री भागमत मरांडी ने मोमेंटों दिया एवं उनका उत्साहवर्धन किया।




# क्षेत्रीय कार्यालय इटानगर

## 9 वीं संचालन समिति की बैठक

अरुणाचल प्रदेश में एनएचपीसी लिमिटेड, नीपको लिमिटेड, एसजेवीएन लिमिटेड और टीएचडीसी लिमिटेड जैसे विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को आवंटित 13 जलविद्युत परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा और निगरानी के लिए 9 वीं संचालन समिति की बैठक 12 सितंबर, 2025 को सम्मेलन हॉल, नीति विहार, ईटानगर में आयोजित की गई ।

बैठक की सह–अध्यक्षता अरुणाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री पेमा खांडू और अरुणाचल प्रदेश के माननीय उप–मुख्यमंत्री श्री चौना मीन ने की। इस बैठक में एनएचपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री भूपेंद्र गुप्ता, भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के संयुक्त सचिव (हाइड्रो) श्री मोहम्मद अफजल और एनएचपीसी के निदेशक (वित्त) श्री सिपन कुमार गर्ग सहित अन्य सीपीएसयू के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। यह बैठक अरुणाचल प्रदेश राज्य में विभिन्न सीपीएसयू को आवंटित 13 जलविद्युत परियोजनाओं की प्रगति का गहन विश्लेषण करने और उनके सामने आने वाली किसी भी बड़ी समस्या का समाधान करने के लिए आयोजित की गई थी। आवंटित परियोजनाओं के चल रहे सर्वेक्षण और जांच के संबंध में राज्य सरकार और संबंधित सीपीएसयू के बीच विस्तृत चर्चा हुई। राज्य सरकार ने दो जलविद्युत परियोजनाओं, सुबनसिरी अपर जलविद्युत परियोजना (1605 मेगावाट) और कमला जलविद्युत परियोजना (1720 मेगावाट) के विकास में तेजी लाने के लिए एनएचपीसी द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और सुबनसिरी बेसिन में एनएचपीसी को और अधिक परियोजनाएं सौंपने की अपनी इच्छा पर भी जोर दिया।

माननीय मुख्यमंत्री श्री पेमा खांडू ने बैठक का समापन इस आश्वासन के साथ किया कि उपरोक्त परियोजनाओं के शीघ्र कार्यान्वयन के लिए अरुणाचल प्रदेश सरकार हर संभव सहयोग और समर्थन देगी क्योंकि किसी भी देरी से राज्य के साथ–साथ पूरे राष्ट्र को भी भारी नुकसान होगा।




उपरोक्त के अतिरिक्त, एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री भूपेंद्र गुप्ता ने अरुणाचल प्रदेश के माननीय उप–मुख्यमंत्री श्री चौना मीन से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें अरुणाचल प्रदेश में एनएचपीसी की विभिन्न आगामी परियोजनाओं की स्थिति से अवगत कराया। बदले में, उन्होंने एनएचपीसी को भविष्य के सभी प्रयासों में अपना पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। इसके अलावा, श्री गुप्ता ने ईटानगर के पुलिस महानिदेशक श्री आनंद मोहन (आईपीएस) से भी मुलाकात की और उन्हें अरुणाचल प्रदेश में जलविद्युत विकास में एनएचपीसी की गतिविधियों और राज्य में इसकी विभिन्न आगामी परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी।

13 सितंबर को, श्री भूपेंद्र गुप्ता ने ईटानगर में प्रधान मुख्य वन संरक्षक और मुख्य वन संरक्षक श्री पी. सुब्रमण्यम से भी मुलाकात की और अरुणाचल प्रदेश में एनएचपीसी की परियोजनाओं के लिए पर्यावरण और वन मंजूरी से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की।

# सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना

## पासीघाट में एनएचपीसी और एबीके एवं एसआईएफएफ के बीच सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना (एसयूएमपी) पर परामर्शात्मक चर्चा

सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना (SUMP) पर एनएचपीसी तथा आदि बाने केबांग (ABK) एवं सियांग इंडिजिनस फ़ार्मर्स फ़ोरम (SIFF) के प्रतिनिधिमंडलों के बीच एक विचार–विमर्श बैठक 4 अक्टूबर 2025 को एनएचपीसी कार्यालय परिसर, पासीघाट (जिला-पूर्व सियांग), अरुणाचल प्रदेश में आयोजित की गई।

प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व श्री तानोन तातक, अध्यक्ष, ABK ने अपने अन्य कार्यकारिणी सदस्यों के साथ किया। उनके साथ श्री अमोक पडुंग, अध्यक्ष, SIFF तथा श्री लिकेंग लिबांग, महासचिव, SIFF भी उपस्थित थे। इस बैठक में श्री अटेक मीयु, OSD to Commissioner (Hydropower), अरुणाचल प्रदेश सरकार तथा श्री फिलिप जेरांग, सहायक आयुक्त, रीगा भी सम्मिलित हुए।



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited



बैठक के दौरान श्री अमर नाथ झा, महाप्रबंधक (सिविल) एवं परियोजना प्रमुख, सियांग लोअर परियोजना, एनएचपीसी ने परियोजना के प्रमुख बिंदुओं पर प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना (न्डच) के रणनीतिक एवं जल सुरक्षा महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया गया है, जिसका उद्देश्य बाढ़ नियंत्रण, जल सुरक्षा और जलविद्युत उत्पादन के साथ–साथ क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहित करना है-जैसे अवसंरचना विकास, रोजगार के अवसर सृजन एवं सामुदायिक कल्याण पहलों के माध्यम से। श्री झा ने यह भी उल्लेख किया कि यह परियोजना नदी के प्रवाह को नियंत्रित कर बाढ़ जोखिम को कम करेगी तथा आदि समुदाय की सुरक्षा और सियांग क्षेत्र की दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उन्होंने आगे कहा कि इस परियोजना की वर्तमान योजना और क्रियान्वयन आदि समुदाय तथा सियांग क्षेत्र के भविष्य को आकार देगा, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सशक्त विरासत स्थापित होगी। बैठक के दौरान श्री तानोन तातक (अध्यक्ष, ABK), श्री लामोक पडुन (अध्यक्ष, SIFF) तथा श्री लिकेंग लिबांग (महासचिव, SIFF) ने भी न्डच के संबंध में अपने विचार और सुझाव साझा किए।

आदि बाने केबांग से अनुरोध किया गया कि वे च्थ्त में सहयोग करें तथा सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना के महत्व एवं आवश्यकता के संबंध में जन–जागरूकता बढ़ाने में मदद करें। यह भी बताया गया कि DPR, EIA, EMP, SIA अध्ययन, भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन योजना आदि के निर्माण के लिए प्रत्येक चरण में हितधारकों से परामर्श आवश्यक है।

बैठक अत्यंत संवादात्मक रही, जिसमें प्रतिनिधियों द्वारा परियोजना से संबंधित विभिन्न प्रश्न एवं मत स्वतंत्र रूप से रखे गए। श्री झा ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए, शंकाओं का समाधान किया और संबंधित बिंदुओं पर स्पष्टता प्रदान की।

बैठक में खुले संवाद, परस्पर सम्मान और रचनात्मक विचार–विनिमय की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। एनएचपीसी ने यह पुनः दोहराया कि सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना को पर्यावरणीय एवं सामाजिक संवेदनशीलताओं को ध्यान में रखते हुए, क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सामुदायिक संगठनों के साथ घनिष्ठ समन्वय में कार्य किया जाएगा।

# सुबनिसरी लोअर जलविद्युत परियोजना

## सचिव, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने सीएमडी और निदेशक (परियोजनाएं) के साथ सुबनसिरी लोअर जल विद्युत परियोजना का दौरा किया

श्री पंकज अग्रवाल (आईएएस), सचिव, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने 19 से 20 जुलाई 2025 के दौरान एनएचपीसी की 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना का दौरा किया। उनके साथ एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल तथा निदेशक (परियोजनाएं) श्री संजय कुमार सिंह भी उपस्थित थे। वरिष्ठ अतिथियों का स्वागत परियोजना के कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख (HOP) श्री राजेन्द्र प्रसाद द्वारा किया गया।

श्री अग्रवाल एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने बांध स्थल तथा पावर हाउस परिसर का दौरा किया और डायवर्जन टनल इनलेट क्षेत्र में चल रहे सुरक्षा कार्यों सहित विभिन्न घटकों का विस्तृत निरीक्षण किया। इसके उपरांत सचिव महोदय ने परियोजना की समीक्षा बैठक की, जिसमें कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख ने परियोजना की प्रगति तथा विभिन्न गतिविधियों की स्थिति से उन्हें अवगत कराया।

दौरे के दौरान सचिव, विद्युत मंत्रालय ने सीएमडी एवं निदेशक (परियोजनाएं) के साथ मिलकर परियोजना की कई प्रमुख उपलब्धियों का अवलोकन किया। 20 जुलाई 2025 को सचिव महोदय, विद्युत मंत्रालय द्वारा एनएचपीसी के सीएमडी, निदेशक (परियोजनाएं), कार्यपालक निदेशक व एचओपी सुबनसिरी लोअर परियोजना तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी की उपस्थित में पावर हाउस कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया गया।




श्री अग्रवाल ने एनएचपीसी की सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की टीम तथा निष्पादन एजेंसी मेसर्स पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड को अत्याधुनिक पावर हाउस कंट्रोल रूम के निर्माण हेतु उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए बधाई दी।

इस प्रतिष्ठित परियोजना की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में यूनिट संख्या 4 के जनरेटर रोटर (भार दृ 673 मीट्रिक टन), जो कि भारत में किसी जलविद्युत परियोजना में अब तक का सबसे भारी उपकरण है, को 20 जुलाई 2025 को सचिव, विद्युत मंत्रालय, सीएमडी एवं निदेशक (परियोजनाएं) की उपस्थिति में सफलतापूर्वक पिट में स्थापित किया गया।

सचिव महोदय ने एनएचपीसी, सुबनसिरी लोअर परियोजना की पूरी टीम तथा निष्पादन एजेंसी मेसर्स जीई वर्नोवा को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी। इस सफलता से यूनिट संख्या 4 की शीघ्र परीक्षण एवं कमीशनिंग का मार्ग प्रशस्त होगा, जिसके माध्यम से 8 इकाइयों (प्रत्येक 250 मेगावाट) में से प्रारंभिक 4 इकाइयों (कुल 1000 मेगावाट) को शीघ्र चालू किया जा सकेगा।

श्री अग्रवाल ने कार्यपालक निदेशक एवं परियोजना प्रमुख के नेतृत्व में परियोजना टीम के प्रयासों की सराहना की और टीम को पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करते हुए यूनिट संख्या 1 से 4 के शीघ्र कमीशनिंग तथा शेष इकाइयों को निर्धारित समयानुसार पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया।

दौरे के दौरान सचिव, विद्युत मंत्रालय एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने परियोजना परिसर में पौधारोपण भी किया, जो एनएचपीसी की सतत विकास और पर्यावरणीय दायित्व के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## संयुक्त सचिव (हाइड्रो), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने एनएचपीसी की 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना का दौरा किया

श्री मोहम्मद अफ़ज़ल, संयुक्त सचिव (हाइड्रो), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने 12 से 13 सितंबर 2025 तक एनएचपीसी की 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना का दौरा किया। उनके साथ एनएचपीसी कॉर्पोरेट कार्यालय के गुणवत्ता आश्वासन एवं निरीक्षण (Q&IA) विभाग के कार्यपालक निदेशक श्री रजनीश अग्रवाल भी उपस्थित थे।

सुबनसिरी लोअर परियोजना पहुँचने पर, संयुक्त सचिव (हाइड्रो) को परियोजना में तैनात सीआईएसएफ कर्मियों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तत्पश्चात, परियोजना के कार्यपालक निदेशक एवं परियोजना प्रमुख


@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited



(HOP) श्री राजेन्द्र प्रसाद ने पारंपरिक असमिया रीति–रिवाजों के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

दौरे के दौरान, श्री मोहम्मद अफ़ज़ल ने बांध स्थल एवं पावर हाउस परिसर का निरीक्षण किया तथा डायवर्जन टनल इनलेट क्षेत्र में चल रहे सुरक्षा एवं स्थिरीकरण कार्यों, विद्युत–यांत्रिक कार्यों (Electro & Mechanical Works) जिसमें ळै एवं पावर हाउस कंट्रोल रूम शामिल हैं, का विस्तृत निरीक्षण किया। इस प्रतिष्ठित परियोजना के पूर्ण होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, यूनिट संख्या 7 के स्पाइरल केसिंग के इरेक्शन कार्य का शुभारंभ 13 सितंबर 2025 को श्री मोहम्मद अफ़ज़ल, संयुक्त सचिव (हाइड्रो) की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर उन्होंने परियोजना टीम, जिसका नेतृत्व श्री राजेन्द्र प्रसाद कर रहे हैं, तथा निष्पादन एजेंसी मेसर्स जीई वर्नोवा को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

संयुक्त सचिव (हाइड्रो) ने एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की और परियोजना के समयबद्ध समापन हेतु सर्वोच्च गुणवत्ता मानकों को बनाए रखते हुए अतिरिक्त प्रयास करने के निर्देश दिए।

माननीय अतिथि के सम्मान में 12 सितंबर 2025 को परियोजना परिसर में एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें सभी अधिकारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर असम और अरुणाचल प्रदेश की समृद्ध एवं रंगारंग सांस्कृतिक झलकियों को प्रस्तुत किया गया।

अपने संबोधन में श्री अफ़ज़ल ने कार्यपालक निदेशक एवं परियोजना प्रमुख श्री राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में परियोजना टीम के प्रयासों की सराहना की तथा टीम को पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते हुए परियोजना के शीघ्र पूर्ण करने एवं कमीशनिंग हेतु प्रेरित किया।

दौरे के समापन से पूर्व, माननीय अतिथि ने परियोजना टाउनशिप में स्थित हर्बल गार्डन में पौधारोपण किया।

## केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष महोदय का दौरा



श्री जिश्नु बरुआ, अध्यक्ष, केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग ने दिनांक 5 एवं 6 सितम्बर 2025 को सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा किया। सुबनसिरी लोअर परियोजना आगमन पर माननीय अध्यक्ष महोदय को परियोजना में तैनात सीआईसीएफ की टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। परियोजना आगमन पर महाप्रबंधक (बिदयुत) श्री दिनेश कुमार ने परियोजना के महाप्रबंधकगण की उपस्थिति में पुष्पगुच्छ एवं पारंपरिक गमछा भेंट कर माननीय अध्यक्ष महोदय का स्वागत व अभिनंदन किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष महोदय ने परियोजना के विभिन्न निर्माणाधीन स्थलों यथा–बांध, पावर हाउस इत्यादि का निरीक्षण किया तथा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा हेतु परियोजना के अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें निर्माण कार्य की प्रगति संबंधी विविध पहलुओं पर चर्चा हुई। अध्यक्ष महोदय ने इस उपलब्धि के लिए परियोजना प्रमुख व कार्यपालक निदेशक श्री राजेन्द्र प्रसाद एवं उनकी टीम को बधाई दी एवं उनके परिश्रम की सराहना की।

## स्वच्छता ही सेवा – 2025



एनएचपीसी, निगम मुख्यालय के परिपत्र के अनुपालन में सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना में 17 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक "स्वच्छता ही सेवा–2025" (स्वच्छतोत्सव) का आयोजन बड़े उत्साह और सक्रिय सहभागिता के साथ किया गया।

इस स्वच्छतोत्सव का शुभारंभ 17 सितम्बर 2025 को श्री राजेंद्र प्रसाद, कार्यपालक निदेशक, द्वारा सभी कर्मचारियों को स्वच्छता प्रतिज्ञा दिलाकर किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक ने स्वच्छता और सफाई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से अपने कार्यस्थल, आवासीय परिसर और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ बनाए रखने का आग्रह किया। अभियान के दौरान परियोजना परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान, पर्यावरण संरक्षण गतिविधियाँ और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। कर्मचारियों और स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी से परियोजना क्षेत्र में स्वच्छता का संदेश व्यापक रूप से फैलाया गया।

अभियान के दौरान आयोजित प्रमुख गतिविधियाँ निम्नलिखित है ।:

- स्वच्छता प्रतिज्ञा एवं शपथ ग्रहण समारोह
- क्लीन पब्लिक स्पेसेस कार्यक्रम के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों की सफाई
- स्वच्छता जागरूकता अभियान, जिसमें विद्यालयों और कॉलोनियों में जन जागरूकता फैलाना
- "एक दिन/एक घंटा/एक साथ" कार्यक्रम के तहत सामूहिक सफाई अभियान
- सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, जिसमें सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण
- "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण

यह अभियान न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक रहा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# ◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆ विदाई ◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆

| नाम | पद | कार्यालय |
|---|---|---|
| **सव श्री/श्रीमती/सुश्री** | | **जुलाई 2025** |
| पियारे मोहन | वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त) | चमेरा-III पावर हाउस |
| राजेंद्र सिंह | प्रबंधक(सचिव) | राजभाषा विभाग |
| प्रकाश चंद | समूह महाप्रबंधक (विद्युत) | पार्वती-III पावर हाउस |
| कुलदीप कुमार | पर्यवेक्षक (कार्य सहायक) जीआर.आई. | चमेरा-I पावर हाउस |
| सुला राम | वरिष्ठ पर्यवेक्षक (स्टोर) ग्रेड-I | बैरा सिउल पावर हाउस |
| नरेश कुमार | पर्यवेक्षक (चालक) ग्रेड-III | चमेरा-II पावर हाउस |
| भुरू राम | पर्यवेक्षक (वेल्डर) ग्रेड-II | चमेरा-I पावर हाउस |
| भाग सिंह | बेलदार स्पेशल ग्रेड | चमेरा-I पावर हाउस |
| जगत सिंह धामी | पर्यवेक्षक (वैज्ञानिक सहायक) ग्रेड-III | धौलीगंगा पावर हाउस |
| अश्विनी कुमार | वरिष्ठ पर्यवेक्षक (अग्नि/सुरक्षा) ग्रेड-II | चमेरा-II पावर हाउस |
| रमेश कुमार | पर्यवेक्षक (फिटर) ग्रेड-II | चमेरा-I पावर हाउस |
| सुमेर सिंह बिष्ट | परिचर विशेष ग्रेड. | मानव संसाधन विभाग |
| हरपाल सिंह बोरा | हेल्पर स्पेशल ग्रेड. | मानव संसाधन विभाग |
| विजय सिंह | पर्यवेक्षक (चालक) ग्रेड-II | टनकपुर पावर हाउस |
| मोहम्मद अब्दुल्ला | इलेक्ट्रीशियन ग्रेड-I | दुलहस्ती पावर हाउस |
| दलीप सिंह | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | बैरा सिउल पावर हाउस |
| **सर्व श्री/श्रीमती/सुश्री** | | **अगस्त 2025** |
| राजेंद्र प्रसाद गोयल | निदेशक (वित्त) | निदेशक (वित्त) अनुभाग |
| राजेश कुमार दुशाद | समूह उप महाप्रबंधक (ईएंडसी) | आईटी और सी विभाग |
| पूनम सिंह | प्रबंधक (सचिव) | निगम संचार विभाग |
| रमेश लाल | पर्यवेक्षक (चालक) ग्रेड-II | सलाल पावर हाउस |
| नारो देवी | परिचर विशेष ग्रेड | सेवा-II पावर हाउस |
| राम पाल | मशीनिस्ट ग्रेड-II | यूआरआई-II पावर हाउस |
| हरि राम | हेल्पर स्पेशल ग्रेड-I | धौलीगंगा पावर हाउस |
| मोहम्मद अब्बास | पर्यवेक्षक (सफाईकर्मी) ग्रेड-III | दुलहस्ती पावर हाउस |
| रमेश चंद | पर्यवेक्षक (विद्युत) ग्रेड-II | चमेरा-I पावर हाउस |
| दर्शन चंद | पर्यवेक्षक (मैकेनिक) ग्रेड-I | चमेरा-I पावर हाउस |
| सिंगारा सिंह | पर्यवेक्षक (चालक) ग्रेड-I | चमेरा-II पावर हाउस |
| रतन चंद | पर्यवेक्षक (चालक) ग्रेड-III | सेवा-II पावर हाउस |
| ज्ञान चंद | वरिष्ठ पर्यवेक्षक (इलेक्ट्रॉनिक) ग्रेड-II | सलाल पावर हाउस |
| रोशन लाल | सुरक्षा गार्ड विशेष ग्रेड | सीवीपीपीएल–पाकलदुल एचईपी |
| देवेंद्र प्रताप सिंह | वरिष्ठ प्रबंधक (विद्युत) | डिज़ाइन (सिविल) विभाग |
| **सर्व श्री/श्रीमती/सुश्री** | | **सितंबर 2025** |
| संदीप मित्तल | कार्यकारी निदेशक | पीएमएसजी विभाग |
| हसन नदीम | कार्यकारी निदेशक | लागत इंजीनियरिंग |
| विशाल कुमार सैनी | कार्यकारी निदेशक | डिज़ाइन (सिविल) विभाग |
| वीरेंद्र सिंह | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | चमेरा-II पावर हाउस |
| श्याम सिंह | हेल्पर स्पेशल ग्रेड. | आरओ, जम्मू |
| शेर बहादुर | बेलदार स्पेशल ग्रेड. | सीएमडी सेक्ट. |
| हंस राज | वेल्डर ग्रेड-II | चमेरा-III पावर हाउस |
| पार्लाहद | पर्यवेक्षक (लाइनमैन) ग्रेड-II | चमेरा-II पावर हाउस |
| चमन लाल | परिचर विशेष ग्रेड. | चमेरा-I पावर हाउस |
| कृष्ण चंद्र | वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक ग्रेड-II | टनकपुर पावर हाउस |
| छवि पोखरिया | वरिष्ठ पर्यवेक्षक (अस्पताल) ग्रेड-II | टनकपुर पावर हाउस |
| अब्दुल अज़ीज़ भट | हेल्पर स्पेशल ग्रेड. | उडी-I पावर हाउस |
| सैट पॉल | बेलदार स्पेशल ग्रेड. | आरओ, जम्मू |



@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited



2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना, अरुणाचल प्रदेश

# एनएचपीसी लिमिटेड

(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)


पंजीकृत कार्यालय: एनएचपीसी कार्यालय परिसर, सैक्टर–33, फरीदाबाद, हरियाणा–121003

सीआईएन: **L40101HR1975GOI032564** वेबसाइट : **www.nhpcindia.com**


**Follow NHPC at :**

@nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited